राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत–गुजरात,संस्करण सोमवार, 13 जुन 2022 वर्ष–5,अंक–138 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## भाजपा ने विपक्ष को झटका देकर राष्ट्रपति चुनाव के लिए मजबूत की स्थिति

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों में 57 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने अपनी क्षमता से ज्यादा सीटें जीतकर न केवल विपक्ष को झटका दिया है, बल्कि आगामी राष्ट्रपति चुनावों के लिए भी स्थिति मजबूत की है।

महाराष्ट्र और कर्नाटक में उसने विपक्षी कमियों को उजागर करते हुए अपना एक-एक अतिरिक्त उम्मीदवार जिताया है, वहीं हरियाणा में कांग्रेस के पास पर्याप्त नंबर होने पर भी उसमें सेंध लगाकर निर्दलीय को जितवा दिया। राजस्थान में पार्टी कांग्रेस का तोड़ नहीं खोज सकी, लेकिन वह सीधे लड़ाई में उतरी भी नहीं। राज्यसभा की 57 सीटों में भाजपा के पास 25 सीटें थी। वह 22 सीटों को फिर से जीतने में सफल रही। एक निर्दलीय को भी शामिल करें तो यह संख्या 23 हो जाती है, जबकि भाजपा व सहयोगी दलों की क्षमता 19 सीटें जीतने की ही थी। ऐसे में चार सीटें अतिरिक्त अपने साथ जोड़ने में सफल रही। इनमें से 41 सीटों के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिनमें भाजपा ने अपनी रिक्त हुई 15 सीटों में 14 फिर से जीत ली। चार राज्यों की 16 सीटों



के लिए मतदान में भाजपा ने आठ खुद की और एक निर्दलीय को जिताया। उसे अपनी क्षमता से ज्यादा कर्नाटक व महाराष्ट्र में एक सीट ज्यादा मिली, जबकि हरियाणा में कांग्रेस के पर्याप्त नंबर में सेंध लगाकर एक सीट निर्दलीय को भी जितवा दी। राजस्थान में उसने एक अतिरिक्त सीट के लिए निर्दलीय पर दांव लगाया, लेकिन कांग्रेस के कुशल प्रबंधन को भेद नहीं सकी, उलटे उसका एक विधायक भी क्रास वोटिंग कर गया।

**उच्च सदन में नहीं पड़ेगा ज्यादा असर**– इससे उच्च सदन में भाजपा की संख्या पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। उसके अपने 95 की जगह अब 92 सांसद होंगे। लेकिन, सबसे अहम यह है कि उसने विपक्षी एकता व एजजुटता को ध्वस्त कर दिया। कर्नाटक में भाजपा ने जद (एस) व कांग्रेस को अलग-थलग रखा और महाराष्ट्र में शिवसेना, कांग्रेस व राकांपा की सत्तारूढ़ तिकड़ी भी काम नहीं आई। हरियाणा में तो कांग्रेस के घर में सेंध भी लगा दी। इसका असर आगामी राष्ट्रपति चुनाव पर भी पड़ेगा, जिसमें सांसद व विधायक वोट करते हैं।

**विपक्ष के लिए बढ़ी चिंताएं**

इन नतीजों के बाद भी राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा व उसके सभी विरोधी दलों के एकजुट होकर आमने-सामने के चुनाव की स्थिति में भाजपा को कुछ और दलों के समर्थन की जरूरत होगी। लगभग 10.86 लाख मतों के निर्वाचक मंडल में, भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के पास लगभग 49 फीसद मत होने का अनुमान है। ऐसे में उसे वाईएसआर कांग्रेस, बीजद जैसे क्षेत्रीय दलों का समर्थन मिल सकता है, जो आम तौर पर संसद में भी उसका साथ देते रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष को भी राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए गंभीरता से रणनीति पर काम करना होगा, ताकि उसके घर में सेंध न लगे।

**भाजपा की अंदरूनी रणनीति पर भी पड़ेगा असर**

इन नतीजों से भाजपा में महाराष्ट्र में पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फणनवीस के साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर और मजबूत हुए हैं। खासकर बोम्मई के लिए यह नतीजे अहम हैं, क्योंकि कर्नाटक में पार्टी के भीतर लगातार उथल-पुथल है। कई बार नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें भी लगने लगती हैं। वहां पर अगले साल विधानसभा चुनाव भी होने हैं। हालांकि, राजस्थान को लेकर भाजपा को मंथन करना पड़ सकता है। वहां पर भी अगले साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

**● महाराष्ट्र और कर्नाटक में उसने विपक्षी कमियों को उजागर करते हुए अपना एक–एक अतिरिक्त उम्मीदवार जिताया है, वहीं हरियाणा में कांग्रेस के पास पर्याप्त नंबर होने पर भी उसमें सेंध लगाकर निर्दलीय को जितवा दिया।**

### सप्ताह में 3 बार थमे दिल्ली मेट्रो के पहिए, कूड़े का पहाड़ और चील की प्यास है वजह

**नई दिल्ली।** गाजीपुर में कूड़े का पहाड़ और बूचड़खाना मेट्रो के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। यहां मंडराने वाली चीलों के कारण मेट्रो की ब्लू लाइन प्रभावित होती है। बीते सोमवार को यमुना बैंक से इंद्रप्रस्थ के बीच हाई वोल्टेज तार से चील के टकराने से मेट्रो के पहिये थम गए, जिससे यात्रियों को मुसीबत झेलनी पड़ी। दो दिन बाद ही गुरुवार को चील ने तार पर केबल का टुकड़ा गिराया, जिससे मेट्रो सेवा प्रभावित हुई। मेट्रो परिचालन से जुड़े एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, मेट्रो के लिए पक्षी बड़ी समस्या है। 2017 में जर्मन तकनीकी स्पाइक्स डिस्क लगाकर इससे निपटने की कोशिश की गई। उसके बाद से घटनाएं कम हुई हैं, मगर चील की बढ़ती संख्या चिंता का सबब है। इंद्रप्रस्थ से यमुना बैंक का इलाका सबसे ज्यादा प्रभावित है। इसका कारण नजदीक में गाजीपुर लैंडफिल साइट और बूचड़खाना है। यहां मंडराने वाली चीलें पानी की तलाश में यमुना डूब क्षेत्र में आती हैं। इससे कई बार मेट्रो के हाईवोल्टेज तार से टकरा जाते हैं। अधिकारी ने कहा, वैश्विक स्तर पर फिलहाल कोई तकनीक नहीं है, जिससे पक्षियों को बिजली की तारों से टकराने से रोका जा सके। हालांकि डीएमआरसी अचानक तार टूटने के आकलन लगाने में जुटी है। शुरुआती आधार पर यही माना जा रहा है कि चील या अन्य भारी पक्षी के बैठने से ओएचई में खराबी हुई, जिससे परिचालन प्रभावित हुआ।

मेट्रो में खराबी के बड़े कारण

-पक्षियों का टकराना-पक्षी के टकराने से कई बार ओएचई में लगे कैटेनरी वायर टूट जाते है, इससे मेट्रो की रफ्तार पर ब्रेक लग जाता है।

-सिग्नलिंग की समस्या- मेट्रो लाइन के किसी खास सेक्शन में सिग्नलिंग में खराबी से कंट्रोल रूम से संपर्क टूट जाता है, जिससे ट्रेन को मैनुअली ऑपरेट करना पड़ता है।

## नूपुर शर्मा को मुंबई पुलिस ने भेजा समन, 25 जून को रिकार्ड होगा बयान

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की निलंबित नेता नूपुर शर्मा को मुंबई पुलिस ने 25 जून को पाइधोनी पुलिस थाने में पेश होने के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुंबई पुलिस का समन नूपुर के बयान की जांच और रिकार्डिंग के संबंध में है। पुलिस ने इससे पहले रजा अकादमी की शिकायत पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। बता दें, निलंबित भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मुहम्मद पर टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है, जिससे वैश्विक आक्रोश फैल गया है।

**मुस्लिम देशों ने बयान की निंदा**–पिछले कुछ दिनों में मलेशिया, कुवैत, कतर और ईरान जैसे कई मुस्लिम देशों ने भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा की गई हालिया टिप्पणियों की निंदा की है। नूपुर शर्मा ने जहां एक टीवी डिबेट के दौरान टिप्पणी की, वहीं एक अन्य नेता नवीन जिंदल ने ट्विटर पर एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट की थी। भाजपा ने इस टिप्पणी को लेकर प्रवक्ता नुपुर शर्मा और मीडिया प्रभारी नवीन जिंदल को निष्कासित कर दिया था। पार्टी ने एक बयान जारी कर किसी भी धार्मिक व्यक्तित्व के अनादर के लिए अपनी असहिष्णुता पर जोर दिया।

**जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन**–बता दें, नूपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर दिए गए विवादित बयान का मुस्लिम समुदायों में रोष थम नहीं रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद देशभर में कई जगहों पर प्रदर्शन शुरू हो गए। कई जगह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

**नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**–पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ विवादित टिप्पणी के चलते भाजपा के पूर्व नेता नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल सहित 9 लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आइएफएसओ टीम ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## उपद्रवियों के खिलाफ एक्शन लेने में यूपी अव्वल, बंगाल में सिर्फ 60 गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मुहम्मद पर कथित रूप से भड़काऊ टिप्पणी के खिलाफ शुक्रवार को हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद देश के कई हिस्सों में तनाव व्याप्त है। झारखंड की राजधानी रांची में झड़पों ने दो लोगों की जान ले ली, पश्चिम बंगाल का हावड़ा उबल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा किया है। घरों में आग लगा दी गई और संपत्तियों को तोड़ दिया गया। पुलिस के साथ भी उपद्रवियों की झड़प हुई। हिंसा के मद्देनजर पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। अकेले उत्तर प्रदेश में 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि पश्चिम बंगाल पुलिस ने उग्र विरोध के सिलसिले में 60 लोगों को गिरफ्तार किया। दिल्ली, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में भी मामले



दर्ज किए गए जहां नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने जुमे की नमाज के बाद बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया।

**पश्चिम बंगाल**–पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले, मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों और दक्षिण 24 परगना में शनिवार को ताजा हिंसा की खबर मिली। पुलिस ने कहा कि दंगा, हत्या के प्रयास और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के आरोपों में कम से कम 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया और उन पर मामला दर्ज किया गया। हावड़ा के पंचला बाजार इलाके में हिंसक भीड़ की पुलिस से भिड़ंत हो गई और उन पर पथराव किया गया, जिसमें कई जवान घायल हो गए। भीड़ ने कई घरों में आग लगा दी और भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

**13 जून तक इंटरनेट बंद**–पूरे हावड़ा जिले में 13 जून तक इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं और कई इलाकों में सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी गई। गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्सों में इंटरनेट का उपयोग भी प्रतिबंधित कर दिया गया था।

## कोरोना की रफ्तार बढ़ती ही जा रही, बीते दिन 8500 से ज्यादा केस मिले

**नई दिल्ली।** कोरोना केस एक बार फिर से लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बीते दिन देश में 8,582 नए मामले सामने आए और 4,435 लोग रिकवर हुए। अब तक 4,26,52,743 लोग कोविड-19 को मात देकर ठीक हो चुके हैं। फिलहाल रिकवरी रेट 98.68 प्रतिशत है। देश भर में एक्टिव केस 44,513 हैं, जिसकी दर 0.10 प्रतिशत है। डेली पॉजिटिविटी रेट 2.71 प्रतिशत है, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट 2.02 प्रतिशत है। शनिवार को देश में 3,16,179 कोरोना टेस्ट हुए। मालूम हो कि अब तक 85.48 करोड़ टेस्ट हो चुके हैं। अब तक 195.07 करोड़ वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी हैं। महाराष्ट्र में शनिवार को कोविड के 2,922 नये मामले आए, जो शुक्रवार के मुकाबले 159 कम हैं। राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत भी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इंग्लैंड से 12 मई को लौटे पुणे के 37 वर्षीय एक व्यक्ति के बीए.5 सब-वेरिएंट से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। राज्य में शुक्रवार को संक्रमण के



3,081 नये मामले आए थे जो पिछले चार महीने में एक दिन में सामने आए सबसे ज्यादा मामले हैं। यहां शनिवार तक कुल 79,07,631 लोगों के कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, जिनमें से 1,47,868 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में फिलहाल कोविड के 14,858 मरीजों का इलाज चल रहा है।

## कश्मीरः सेना ने लिया साथी की मौत का बदला, पुलवामा एनकाउंटर में लश्कर के 3 आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में कल शुरू हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मौत की नींद सुला दी है। सुबह-सुबह कश्मीर जोन की पुलिस ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। मारे गए सभी आतंकवादी लश्कर से जुड़े थे। उनमें से एक की पहचान कर ली गई है। आपको बता दें कि एक आतंकी को कल देर शाम ही ढेर कर दिया गया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आज सुबह-सुबह अपने ट्वीट में कहा, 'आज दो और आतंकवादी मारे गए। तीन की मौत हो चुकी है। हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद किए गए हैं।' आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा, 'मारे गए तीनों आतंकवादी स्थानीय हैं, जो आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े हैं। उनमें से एक की पहचान



जुनैद शीरगोजरी के रूप में हुई है। उसने 13 मई को हमारे सहयोगी शहीद रियाज अहमद की हत्या की थी।'

इससे पहले यानी कल कुलगाम के खांदीपुरा इलाके में एक आतंकवादी के छिपे होने की पुख्ता सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चालाया था। उन्होंने कहा कि इस दौरान सुरक्षाबलों पर छिपे हुए आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में आतंकवादी मारा गया। प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षाबलों ने पहले मुठभेड़ स्थल के आसपास से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकी की पहचान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के सदस्य और कुलगाम निवासी रसिक अहमद गनी के रूप में हुई है जिसका शव मुठभेड़ स्थल से बरामद कर लिया गया। प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मारा गया आतंकवादी पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों पर हमले समेत कई आतंकवादी घटनाओं में शामिल था।

मुठभेड़ स्थल से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद सहित एके303 राइफल के साथ 23 कारतूस, एक पिस्तौल और 31 कारतूस तथा एक हथगोला आदि बरामद हुआ। प्रवक्ता ने बताया कि बरामद सभी चीजों को आगे की जांच के लिए केस रिकॉर्ड में ले लिया गया है।

## अगले दो-तीन दिनों में इन राज्यों में दस्तक देगा मानसून

**नई दिल्ली।** दिल्ली, यूपी सहित भीषण गर्मी से जूझ रहे उत्तर भारत के राज्यों को इन दिनों मानसून का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच मौसम विभाग ने मानसून को लेकर अच्छी खबर दी है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, पूर्व गोवा, कोंकण के कुछ हिस्सों और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मौसम विज्ञान की मानें तो पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार और झारखंड के इलाकों में लू का प्रकोप दो दिन तक जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, तेज हवा चलने की उम्मीद है, लेकिन 15 जून तक गर्मी से कोई बड़ी राहत मिलने की संभावना नहीं है।

आइएमडी के अनुसार, उत्तरी अरब सागर के कुछ और हिस्सों, गुजरात, मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों, तेलंगाना के कुछ और हिस्सों, आंध्र प्रदेश और बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों, पूरे उप-हिमालयी पश्चिम में मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी। दो से तीन दिनों के भीतर यह मानसून बंगाल और सिक्किम, ओडिशा के कुछ हिस्सों, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार पहुंच जाएगा।इससे पहले महीने की शुरुआत में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश में बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की थी। केरल में एक जून को मानसून ने अपने समय से तीन दिन पहले अपनी शुरुआत की थी।

**आज से यहा हो सकती है प्री मानसून की बरसात**–विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक आर के जेनामणि ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमोत्तर भारत के अन्य हिस्सों में अधिकतम तापमान में 15 जून तक कोई बड़ी राहत मिलने की संभावना नहीं है। आईएमडी ने बताया कि नमी युक्त पुरवाई चलने से 16 जून से भीषण गर्मी से काफी राहत मिलेगी। आईएमडी के अधिकारी ने बताया कि पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में 12 जून से मानसून पूर्व गतिविधियां शुरू होने का पूर्वानुमान है, लेकिन उत्तरी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश में 15 जून तक तापमान सामान्य से अधिक बना रहेगा।

**दिल्ली वालों को कब मिलेगी गर्मी से राहत**–राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने बताया कि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, अगले कुछ दिनों में दिल्ली में गरज के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहने, बिजली गिरने और तेज हवा चलने की उम्मीद है, लेकिन 15 जून तक गर्मी से कोई बड़ी राहत मिलने की संभावना नहीं है।

**दो दिन देरी से महाराष्ट्र पहुंचा दक्षिण पश्चिम मानसून**–भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के एक अधिकारी ने यहां बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून अपने आगमन की सामान्य तिथि से दो दिन देरी से शनिवार को महाराष्ट्र पहुंचा। सामान्यतः कोंकण क्षेत्र में नौ जून तक मानसून पहुंच जाता है।उन्होंने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में आ गया है। इससे राज्य के कुछ इलाकों में बारिश होगी। जिन क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है, उन्हें भी अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगले 48 घंटों में महाराष्ट्र में मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। अगर हालात सही रहे तो मानसून सिस्टम और आगे बढ़ेगा।

**बिहार में कब आएगा मानसून?**

मानसून की गति को देखते हुए मौसम विभाग ने 11 जून को बिहार पहुंचने की संभावना जताई थी। लेकिन मानसून के घूम जाने से यह 11 जून को महाराष्ट्र, कर्नाटक पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक बिहार और उत्तरप्रदेश में चक्रवाती हवा लगातार सक्रिय है। एक ट्रफ रेखा पिछले पांच दिनों से बिहार से होते हुए झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम तक जा रही है। इसके प्रभाव से बिहार के उत्तरी हिस्से में स्थित पूर्वी-पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया सहित 13 जिलों में मध्यम बारिश के आसार हैं।

# भ्रष्टाचार प्रतियोगिता में

&

# भ्रष्टाचार की जानकारी देने

National Rights Group
Youtube Channel

krantisamay@gmail.com

9879141480

fight against corruption india

भारत में भ्रष्टाचार
के खिलाफ लड़ाई

# टोयोटा अपनी ब्रैंड न्यू मिड साइज एसयूवी को लेकर चर्चा में

**- ग्राहकों को दमदार डिजाइन के साथ मिलेगी बेहतरीन फीचर्स**

**नई दिल्ली ।**

जानी-मानी कंपनी टोयोटा अपनी ब्रैंड न्यू मिड साइज एसयूवी को लेकर चर्चा में है। कंपनी की इस शानदार कएसयूवी से 1 जुलाई को पर्दा उठ जाएगा। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, इस नई गाड़ी का नाम टोयोटा हायराइडर होने जा रहा है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नई टोयोटा कॉम्पेक्ट एसयूवी में 1,5 लीटर पेट्रोल इंजन देखने को मिलेगा। इसके अलावा इस गाड़ी में माइल्ड और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड टेक्नोलॉजी भी देखने को मिलेगी। माइल्ड हाइब्रिड टेक्नोलॉजी वाले वर्जन में मैन्युअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स ऑप्शन मिल जाएंगे लेकिन स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड टेक्नोलॉजी वाले वर्जन में ई-सीवीटी यूनिट देखने को मिलेगा। बता दें कि ई-सीवीटी यूनिट हाल ही में होंडा सिटी हाइब्रिड में भी देखने को मिली थी। इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि टोयोटा की ये गाड़ी इस सेगमेंट में पहली ऐसी कार होगी जिसमें ऑल व्हील ड्राइव सिस्टम(एडब्ल्यूडी) ऑफर किया जा रहा है। हालांकि इसे केवल माइल्ड हाइब्रिड पावर ट्रेन के लिए ही रिजर्व किया जाएगा। बता दें कि साल 2014 में रेनॉल्ट डस्टर में ऑल व्हील ड्राइव सिस्टम लॉन्च किया गया था लेकिन छह सालों बाद इसे हटा लिया गया था।गौरतलब है कि टोयोटा की इस कार में एक स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड सेटअप के साथ सेल्फ चार्जिंग और फ्रंट व्हील ड्राइव सिस्टम भी देखने को मिल सकता है। ये पूरा सेटअप ईंधन की कार्यक्षमता को बेहतर करने का काम करेगा और इससे कार्बन एमिशन भी कम होगा। टोयोटा हाई राइडर को लेकर कहा जा रहा है कि ये गाड़ी 103 पीएस का पीक पावर डिलीवर करेगी। वही अगर स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वर्जन की बात की जाए तो ये वर्जन 116 पीएस का पीक पावर डिलीवर करेगी। ये कार 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स या 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ देखने को मिल सकती है। स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड में ई-सीवीटी गियरबॉक्स भी ऑफर किया जाएगा। बता दें कि मारुति सुजुकी की अपकमिंग मिड साइज एसयूवी में भी सेम पावरट्रेन फीचर्स देखने को मिल सकते हैं क्योंकि दोनों मॉडल्स का निर्माण एक ही कार मेकर द्वारा किया जा रहा है। हालांकि दोनों गाड़ियों के डिजाइन और स्टायलिंग काफी अलग-अलग हो सकते हैं। इस ब्रैंड न्यू टोयोटा एसयूवी में कई आकर्षक फीचर्स भी देखने को मिलेंगे।







## बीते सप्ताह सोना और चांदी की चमक रही फीकी

**मुंबई ।** वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में आई बड़ी गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह घरेलू सर्राफा बाजार में सोने में 100 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 445 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना हाजिर 17.72 डॉलर प्रति औंस गिरकर सप्ताहांत पर 1833.05 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 7.2 डॉलर प्रति औंस टूटकर 1840.90 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.5 डॉलर प्रति औंस उतरकर 21.41 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह विदेशी बाजार की गिरावट का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स पर भी देखा गया। सप्ताहांत पर सोना 100 रुपए फिसलकर 50870 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया। इस दौरान सोना मिनी 133 रुपए गिरकर 50826 रुपए प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में स्थानीय स्तर पर चांदी 445 रुपए सस्ती होकर 61200 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। साथ ही चांदी मिनी 484 रुपए उतरकर सप्ताहांत पर 61475 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई।

## दिवालिया हो सकती है लिपस्टिक बनाने वाली कंपनी रेवलॉन


**मुंबई ।** कॉस्मेटिक्स बनाने वाली अमेरिका की मशहूर कंपनी रेवलॉन इंक दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गई है। कंपनी अगले हफ्ते बैंकरप्सी के लिए आवेदन कर सकती है। कंपनी के शेयरों में पिछले दिनों 53 फीसदी गिरावट आई थी। लिपस्टिक बनाने वाली इस कंपनी ने अपने कारोबार को बचाने के लिए कर्जदारों से बात शुरू की थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च के मध्य तक कंपनी पर 3.31 अरब डॉलर का कर्ज था। हाल के महीनों में सौंदर्य प्रसाधनों की मांग में तेजी आई है क्योंकि लॉकडाउन की बंदिशों समाप्त होने के बाद लोग बाहर निकल रहे हैं लेकिन रेवलॉन को दूसरे ब्रैंड्स से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। मार्च में कंपनी ने कहा था कि उसे सप्लाई चेन की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण वह मांग पूरा नहीं कर पा रही है। हालों कि पता चला था` कि रेवलॉन बैंकरप्सी के लिए आवेदन करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने मुताबिक रेवलॉन बैंकरप्सी आवेदन के लिए बातचीत कर रही है लेकिन अभी यह फाइनल नहीं है और इसमें बदलाव हो सकता है। न्यूयॉर्क की इस कंपनी का मालिकाना हक अरबपति कारोबारी रान पेरेलमेन की कंपनी के पास है।

## महिंद्रा की नई इलेक्ट्रिक एसयूवी होगी अगले साल लॉन्च

**- डिजाइन होगा किसी पेट्रोल एसयूवी जैसा दमदार**

**नई दिल्ली ।** स्वदेशी कंपनी महिंद्रा ने कंफर्म किया है कि एक्सयूवी300 प्लेटफॉर्म पर आधारित एक नई इलेक्ट्रिक एसयूवी को अगले साल लॉन्च करने की तैयारी है। जनवरी 2023 में ही महिंद्रा कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी को लॉन्च कर सकती है। कुछ रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि इस नए मॉडल को महिंद्रा एक्सयूवी 400 ईवी कहा जाएगा। बता दें कि कुछ स्पाय इमेज से ये भी सामने आया है कि एक्सयूवी 400 ईवी, महिंद्रा की ही ओरिजिनल एक्सयूवी 300 सब-4 मीटर एसयूवी से काफी अलग दिखेगी। माना जा रहा है कि महिंद्रा की नई एक्सयूवी 400 की लंबाई 4।2 मीटर होगी क्योंकि सब्सिडी लाभ के लिए सब-4 मीटर नियम इलेक्ट्रिक वाहनों पर लागू नहीं होता है। इस अपकमिंग एक्सयूवी 400 के डिजाइन की बात करें तो इस गाड़ी का प्रोफाइल एक्सयूवी300 की तरह बॉक्सी या फ्लैट होने के बजाए थोड़ा राउंड होगा। इस एसयूवी का रियर डिजाइन पूरी तरह से रिडिजाइन किया गया है। इसके अलावा इस गाड़ी में एक नया डिजाइन टेल गेट और बंपर डिजाइन भी देखने को मिलेगा। वहीं टेल-लैंप डिजाइन की बात करें तो इसे भी पूरी तरह से संशोधित किया गया है। इस मॉडल की कुछ और इमेज से पता चला है कि रेगुलर इलेक्ट्रिक कारों से अलग इस गाड़ी में चार्जिंग स्लॉट को फ्रंट फेंडर पर रखा जाएगा। महिंद्रा के इस नए मॉडल के ज्यादातर डिजाइन फीचर्स ई-एक्सयूवी300 कॉन्सेप्ट से मिलते-जुलते दिखेंगे।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।** देश में तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे लगातार 21वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल के आगे चल रही है। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली में रविवार को पेट्रोल का दाम 96.72 रुपए और डीजल का दाम 89.62 रुपए प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपए और 97.28 रुपए प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने 25 मई को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपए और छह रुपए प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से क्रमशः 9.5 रुपए और सात रुपए तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड रविवार 122.01 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.86 प्रतिशत गिरकर 120.47 डॉलर प्रति बैरल पर है। देश के चार बड़े महानगरों में रे विवार को पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे-दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर, डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 111.35 रुपए प्रति लीटर, डीजल 97.28 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03रुपए, प्रति लीटर, डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर और चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपए प्रति लीटर, डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर।

# (शेयर बाजार समीक्षा) इस सप्ताह फेडरल रिजर्व के फैसले से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा

**- विदेशी कोषों का रुख, रुपए का उतार-चढ़ाव और कच्चे तेल के दाम भी महत्वपूर्ण रहेंगे**

**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह मई के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और ब्याज दरों पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के फैसले से शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। इसके अलावा विदेशी कोषों का रुख, रुपए का उतार-चढ़ाव और कच्चे तेल के दाम भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे। बाजार के` विश्लेषकों ने कहा` कि सभी की नजरें फेडरल रिजर्व की संघीय मुक्त बाजार समिति (एफओएमसी) के 15 जून के फैसले पर रहेगी। मुद्रास्फीति के दानव के बीच बाजार ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि की आशंका जता रहा है। बैंक ऑफ जापान भी 17 जून को अपनी मौद्रिक समीक्षा पेश करेगा। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का रुख क्या रहता है। पिछले लगातार आठ माह से एफआईआई जमकर बिकवाली कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर 13 जून को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और 14 जून को थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे। इसके अलावा रुपए और कच्चे तेल के उतार-चढ़ाव पर भी बाजार भागीदारों की नजर रहेगी।

बाजार के जानकारों का कहना है` कि इस सप्ताह आने वाले आंकड़ों और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की वजह से बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रह सकता है। बाजार भागीदार सबसे पहले अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़े और घरेलू औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देंगे। अमेरिका में मुद्रास्फीति 40 साल के उच्चस्तर पर पहुंच चुकी है। आईआईपी के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद आए थे। उन्होंने कहा कि आगे चलकर 13 जून को सीपीआई और 14 जून को डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति के आंकड़े आने हैं। वैश्विक मोर्चे पर 15 जून को अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक के नतीजे आएंगे।




विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति की वजह से बाजार काफी दबाव में हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंकों द्वारा कदम उठाए जाने की उम्मीद है। बाजार के एक शोध प्रमुख ने कहा कि बाजार पिछले एक माह से व्यापक दायरे में हैं। यह स्थिति तबतक बनी रहेगी जब तक की किसी एक दिशा में स्पष्ट संकेत उभरकर सामने नहीं आता। उनका कहना है` कि वैश्विक स्तर पर फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर निर्णय और कच्चे तेल की कीमतों की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। घरेलू मोर्चे पर इस सप्ताह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे।

# रूस से और कच्चा तेल खरीदने का विकल्प खुला: प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे

**कोलंबो ।**

श्रीलंका को संभवत- रूस से अधिक कच्चा तेल खरीदने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। श्रीलंका के नवनियुक्त प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने यह बात कही है। असाधारण आर्थिक संकट के बीच यह द्वीपीय देश इस समय गंभीर ईंधन संकट से जूझ रहा है। विक्रमसिंघे ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह पहले अन्य स्रोतों से खरीद की संभावना तलाशेंगे, लेकिन रूस से अधिक कच्चा तेल खरीदने का विकल्प खुला है। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद ज्यादातर पश्चिमी देशों से रूसी ऊर्जा का आयात रोक दिया है। विक्रमसिंघे ने साक्षात्कार में कहा कि बढ़ते कर्ज के बोझ के बावजूद वह चीन से और वित्तीय मदद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका की मौजूदा स्थिति उसकी खुद की वजह से है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण हालात और खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में खाद्य संकट 2024 तक बना रह सकता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि रूस ने श्रीलंका को गेहूं देने की भी पेशकश की है। विक्रमसिंघे के पास वित्त मंत्रालय की भी जिम्मेदारी हैं। उन्होंने यह साक्षात्कार राजधानी कोलंबो में अपने कार्यालय में दिया। उन्होंने छठी बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री का पद संभाला है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने देश के आर्थिक संकट को सुलझाने के लिए विक्रमसिंघे की नियुक्ति की है। आर्थिक संकट की वजह से श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खाली हो गया है। पिछले महीने



देश में हिंसक विरोध-प्रदर्शन के बाद विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री का पद संभाला है। इस समय श्रीलंका पर 51 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज है। इस साल श्रीलंका ने करीब सात अरब डॉलर के कर्ज का भुगतान नहीं किया है। करीब दो सप्ताह पहले श्रीलंका ने अपनी एकमात्र रिफाइनरी को चालू करने के लिए रूस से 90,000 मीट्रिक टन कच्चा तेल खरीदा था।

## अमेरिकी महंगाई की मार झेल सकता है शेयर बाजार

**मुंबई:** वैश्विक बाजार की गिरावट के रुख से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत से अधिक लुढ़क चुका घरेलू शेयर बाजार अगले सप्ताह अमेरिका में महंगाई के चालीस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने की मार झेल सकता है। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1465.79 अंक की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 55 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 54303.44 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 382.5 अंक गिरकर 16201.80 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन अवधि में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों ने भी बिकवाली की मार झेली। सप्ताहांत पर मिडकैप 284.66 अंक टूटकर 22490.32 अंक और स्मॉलकैप 526.72 अंक लुढ़ककर 25857.42 अक पर रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका में मई में गैस, भोजन और अधिकांश अन्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में उछाल आया, जिससे महंगाई चार दशक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। इससे फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में तेज बढ़ोतरी करने की संभावना प्रबल हो गई है। इससे अगले सप्ताह वैश्विक और घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ सकता है। साथ ही यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने भी वर्ष 2011 के बाद अगले महीने ब्याज दरों में पहली बार वृद्धि करने का संकेत दे चुका है, जिसका असर शेयर बाजार पर देखा जा सकेगा।

# लोन महंगा होने के बावजूद मांग में नहीं दिख रही कोई कमी: एसबीआई चेयरमैन

**- खारा ने कहा, अगर मॉनसून अच्छा रहता है तो हालात और बेहतर होंगे**

**नई दिल्ली ।** एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि देश में लोन महंगा होने के बाद भी उसकी मांग में कोई कमी देखने को नहीं` मिल रही है। एसबीआई के चेयरमैन खारा ने कहा है कंपनियां 71 अरब डॉलर की लोन पाइपलाइन का लगातार लाभ उठा रही हैं। उन्होंने कहा है कि यह भारत की अर्थव्यवस्था के गति पकड़ने का संकेत है। एक साक्षात्कार में खारा ने कहा कि 2 साल की सुस्ती के बाद लोन ग्रोथ मजबूत रहने का अनुमान दिख रहा है। उनका कहना है कि अगर मॉनसून अच्छा रहता है तो हालात और बेहतर होंगे। भारत के 120 लाख करोड़ रुपए के बैंकिंग सिस्टम में लोन ग्रोथ तीन साल में सबसे अधिक रहने का अनुमान है। टर्म लोन हो या वर्किंग कैपिटल लोन की मांग भी लगातार बढ़ रही है। आयरन व स्टील उद्योगों में क्षमता का 100 फीसदी उपयोग हो रहा है। गौरतलब है कि कि भारत में पिछले कुछ महीनों में बैंकों ने लोन की ब्याज दर कई बार बढ़ा दी है। हालांकि, इसके बावजूद कर्ज लेने वालों की संख्या बढ़ रही है।

खारा ने कहा है कि अधिक लोन मुहैया कराने के लिए बैंक को अपना कैपिटल बेस बढ़ाना होगा। इसके लिए बैंक बॉन्ड बेचेगा। बैंक का कुल कैपिटल बफर फिलहाल 13.8 फीसदी है जो भारत के बड़े कर्जदाताओं में से सबसे कम है। बैंक के निवेशित लाभ में गिरावट एक चुनौती है। यील्ड्स में मजबूती से डेट होल्डिंग्स की कीमतों में गिरावट आ रही है। बैंक के पास फिलहाल 7 लाख करोड़ की सरकारी सिक्योरिटीज हैं। दिनेश खारा पिछले 21 महीनों से बैंक की अगुआई कर रहे हैं और इस बीच एसबीआई के शेयर बीएसई पर 150 फीसदी तक ऊपर जा चुके हैं। एसबीआई ने इस दौरान बीएसई के बैंकएक्स सूचकांक में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। बैंक के शेयर शुक्रवार को बीएसई पर एक फीसदी से थोड़ी अधिक गिरावट के साथ 461.80 रुपये पर बंद हुए।

## इस साल विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से निकाले 1.81 लाख करोड़

**मुंबई ।**

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफपीआई) लगातार भारतीय शेयर बाजारों से पैसा निकासी कर रहे हैं। इससे घरेलू शेयर बाजार में गिरावट रुकने का नाम नहीं ले रही है। किसी दिन अगर बाजार में खरीदारी नजर आती भी है तो फिर अगले कई दिन बिकवाली के बाद बाजार पहले से और नीचे चला जाता है। एफपीआई 2022 में अभी तक घरेलू शेयर बाजार से 1.81 लाख करोड़ रुपए निकाल चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कब एफपीआई की बिकवाली रुकेगी और बाजार संभलेगा. कुछ जानकारों का मानना है कि इसे लेकर कुछ सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं। गौरतलब है कि जून में भी एफपीआई की बिकवाली जारी है। एनएसडीएल पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार जून में एफपीआई अभी तक 13,888 करोड़ रुपए भारतीय बाजार से निकाल चुके हैं। इससे पहले दो महीनों अप्रैल और मई में एफपीआई ने बाजार से क्रमश- 39,993 करोड़ और 17,144 करोड़ रुपए निकाले थे। 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था। इसके बाद मार्च में एफपीआई ने भारतीय बाजार से बड़ी मात्रा में पैसा निकाल लिया था। मार्च में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 41,243 करोड़ रुपए की निकासी की थी। इसके बाद विश्व भर में कई चीजों के दाम बढ़े व सप्लाई चेन में बाधाएं आई और नतीजतन वैश्विक बाजार पूरी तरह से दबाव में दिखने लगे। भारतीय शेयर बाजार भी इससे अछूता नहीं रहा। ऐसा नहीं है कि ये बिकवाली रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद ही आरंभ हुई। दरअसल, जनवरी में




एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 33,303 करोड़ रुपए और फरवरी में 35,592 करोड़ रुपए निकासी की थी। इस तरह एफपीआई अब 1,81,043 करोड़ रुपए भारतीय बाजार से निकाल चुके हैं। इस बिकवाली ने बाजार की कमर तोड़ दी है। बीएसई का सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी इस साल 8 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।

## यूक्रेन युद्ध की वजह से गुजरात के लाखों हीरा श्रमिकों की नौकरी खतरे में



**अहमदाबाद ।**

रूस और यूक्रेन युद्ध की वजह से गुजरात का हीरा कारोबार काफी प्रभावित हुआ है। युद्ध के कारण इस उद्योग में कार्यरत लाखों श्रमिकों की नौकरी खतरे में पड़ गई है।

विशेषरूप से सौराष्ट्र क्षेत्र के ग्रामीण हिस्से में कार्यरत इकाइयां इस घटनाक्रम से सबसे अधिक प्रभावित हुई हैं। उद्योग के प्रतिनिधियों ने बताया कि ये इकाइयां प्रसंस्करण और पॉलिश करने के लिए रूस से छोटी मात्रा में हीरों का आयात करती हैं। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने कहा कि राज्य के हीरा उद्योग में करीब 15 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। रूस से छोटे आकार के कच्चे हीरों की आपूर्ति में कमी के कारण गुजरात के व्यापारी अफ्रीकी देशों और अन्य जगहों से कच्चा माल खरीदने को मजबूर हैं, जिससे उनका मुनाफा प्रभावित हो रहा है।इसलिए राज्य की हीरा इकाइयों ने अपने श्रमिकों और पॉलिश करने वालों के काम के घंटों में कटौती की है जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हुई है। बड़े आकार के हीरों का प्रसंस्करण मुख्य रूप से राज्य के सूरत शहर की इकाइयों में किया जाता है। अमेरिका को भारत से 70 प्रतिशत कटे और पॉलिश हीरों का निर्यात किया जाता है। उसने रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। बताया जा रहा है कि अमेरिका में कुछ बड़ी कंपनियों ने पहले ही उन्हें ई-मेल भेजकर कहा है कि वे रूसी सामान नहीं खरीदेंगी। इस वजह से विशेषरूप से सौराष्ट्र के भावनगर, राजकोट, अमरेली और जूनागढ़ जिलों के हीरा श्रमिक बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा राज्य के उत्तरी हिस्से के श्रमिकों पर भी इसका असर पड़ा है।

## बढ़ती तेल की कीमतों ने बढ़ाया हवाई किराया



**नई दिल्ली ।**

पिछले दिनों में घरेलू हवाई किराया लगभग 20 फीसदी महंगा हो चुका है। अभी माना जा रहा है कि हवाई किराया आने वाले दिनों में हवाई` किराए में और बढ़ोतरी होगी।यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि एटीएफ की कीमतें काफी बढ़ चुकी हैं और अब एयरलाइन कंपनियां उससे निजात पाने की कोशिश कर रही हैं। एयरलाइन के एक अधिकारी के अनुसार एटीएफ की बढ़ती कीमतों के चलते किराया बढ़ाया जा रहा है और 15 जून तक फिर से बढ़ोतरी हो सकती है। हवाई यात्रा का किराया महंगा होने की वजह से मांग पर भी असर देखने को मिल रहा है। हवाई यात्रियों की संख्या धीरे-धीरे कोरोना काल से पहले के स्तर तक पहुंच रही थी, लेकिन जून में अचानक से इनकी संख्या में गिरावट आनी शुरू हो गई है। कुछ रास्तों पर तो हवाई किराया 40 फीसदी तक महंगा हो गया है। दिलचस्प है कि एटीएफ के दाम रेकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच चुके हैं। गौरतलब है` कि एयरलाइन के खर्चों में एटीएफ करीब 40 फीसदी की हिस्सेदारी रखते हैं। जून के शुरुआती दिनों में 1.3 फीसदी की कटौती के बाद तेल कंपनियां एक बार फिर से कीमतें बढ़ा सकती हैं। हवाई किरायों में बढ़ोतरी उस वक्त में देखने को मिल रही है, जब मांग और एयरलाइन की क्षमता बढ़ रही है। अप्रैल और मई में दो दिनों में घरेलू ट्रैफिक 4 लाख तक पहुंच गया था, लेकिन मई आखिर में और जून में यह 3.2-3.5 लाख तक रह गई है।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# एफआईएच प्रो लीग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की जीत से शुरुआत

**एंटवर्प (एजेंसी)।**

गोलकीपर पी आर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग के अपने पहले ही मैच में नंबर एक टीम बेल्जियम को पैनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। इस मैच में भारतीय टीम 1-3 से पीछे थी पर खेल समाप्त होने के आठ मिनट पहले उसने दो गोल दागकर 3-3 से मैच बराबरी पर ला दिया। गोलकीपर श्रीजेश ने हमलों को विफल करने के साथ ही पैनाल्टी शूटआउट में एक पेनल्टी स्ट्रोक भी बचाया, अंतिम क्वार्टर में उन्होंने जिस प्रकार दो गोल बचाये उसी कारण भारतीय टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका जिसमें श्रीजेश ने दो शॉट बचाए।

श्रीजेश ने बेल्जियम के अलेक्जेंडर हेंडरिक्स का शॉट बचाया जो तीसरी पेनल्टी लेने उतरे थे। शूटआउट जब 4-4 से बराबरी पर था तब आकाशदीप ने गोल करके स्कोर 5-4 कर दिया।

दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारत की ओर से शमशेर सिंह ने 18वें मिनट में गोल किया। वहीं बेल्जियम ने 3 मिनट बाद ही सेड्रिक चार्लियर के गोल की सहायता से मुकाबला बराबरी पर ला दिया। तीसरे क्वार्टर में साइमन गोनार्ड ने 36वें मिनट में एक गोल दागकर बेल्जियम को फिर बढ़त दिलाई। डि केरपेल ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके अपनी टीम की बढ़त 3-1 की कर दी। इसके बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाया जिसे हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। वहीं जरमनप्रीत ने तीसरा गोल किया।

दूसरी ओर भारतीय महिला हॉकी टीम को अपने पहले ही मैच में बेल्जियम ने 1-2 से हरा दिया।




# एशियाई कप क्वालीफायर: मैच हारने के बाद अफगानी खिलाड़ियों ने भारतीय टीम से की मारपीट



**कोलकाता (एजेंसी)।**

भारत और अफगानिस्तान के खिलाड़ियों का एक समूह कोलकाता के वीवाईबीके स्टेडियम में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर मैच के बाद लड़ाई करने लगा। मेजबान टीम भारत ने अफगानिस्तान पर 2-1 से जीत दर्ज की जिसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी धक्का मुक्की करने लगे। कोलकाता में ग्रुप डी के कड़े मुकाबले में अफगानिस्तान को 2-1 से हराकर भारतीय टीम ने महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किए। सुनील छेत्री ने फिर से एक फ्री-किक गोल (85 %) के साथ अपना जादू दिखाया। मैच हारने के बाद अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया।

सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किए गए एक वीडियो में तीन अफगानिस्तान और दो भारतीय खिलाड़ियों को शुरू में हाथापाई बढ़ने से पहले धक्का-मुक्की करते देखा जा सकता है। हालांकि भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह ने दोनों पक्षों के खिलाड़ियों को शांत कराने की काफी कोशिश की लेकिन उन्हें भी अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने धक्का दिया। यह देखकर एएफसी अधिकारी मैदान पर पहुंचे लेकिन हाथापाई तेज हो गई। मारपीट क्यों हुई इसका पता नहीं चल पाया है। एएफसी एशियन कप क्वालीफायर की आयोजन समिति ने घटनाओं के बारे में कुछ नहीं कहा है।

# भारतीय भारोत्तोलकों ने युवा विश्व चैम्पियनशिप में दो रजत पदक जीते




**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारत की आकांक्षा किशोर व्यावरे (महिला, 40 किग्रा भार वर्ग) और विजय प्रजापति (पुरुष, 49 किग्रा भार वर्ग) ने मैक्सिको के लियोन में पुरुषों और महिलाओं के आईडब्ल्यूएफ युवा विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2022 में अपनी स्पर्धाओं में दूसरा स्थान हासिल किया। यह दोनों पदक प्रतियोगिता के शुरुआती दिन शनिवार को आए। आकांक्षा ने कुल 127 किग्रा (59 किग्रा + 68 किग्रा) का भार उठाया, जबकि विजय 175 किग्रा (78 किग्रा + 97 किग्रा) उठाने में सफल रहे। आकांक्षा भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के 'नेशनल सेंटर ऑफएक्सीलेंस (एनसीई), औरंगाबाद) और विजय इसके पटियाला इकाई के प्रशिक्षु हैं। भारतीय भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने यहां जारी बयान में कहा, 'मैं लियोन में 2022 आईडब्ल्यूएफ युवा विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सभी भारोत्तोलकों को बधाई देना चाहता हूं और उन भारतीय कोचों के प्रयासों की सराहना करता हूं, जिन्होंने राष्ट्रीय शिविर में कम समय में एथलीटों को प्रशिक्षित किया है।'

# न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड: डेरिल मिशेल का बल्ला चला, 190 बनाकर न्यूजीलैंड को पहुंचाया 553 पर

**नॉटिंघम (एजेंसी)।**

डेरिल मिशेल ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कैरियर का सर्वोच्च स्कोर 190 रन बनाया और अपनी टीम को 553 रन तक ले गए। बारिश प्रभावित मैच में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में चाय ब्रेक तक न्यूजीलैंड ने पांच विकेट पर 481 रन बनाए थे। लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वापसी करते हुए तेजी से न्यूजीलैंड के विकेट चटकाए।

इससे पहले दूसरे दिन के खेल में महज एक विकेट गिरा जब लंच से पहले टॉम ब्लंडेल 106 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे सत्र में मिशेल और पहला मैच खेल रहे माइकल ब्रेसवेल (नाबाद 40) ने 69 रन और जोड़े। बारिश के कारण चाय का ब्रेक जल्दी लेना पड़ा। मिशेल ने पहले टेस्ट में भी दूसरी पारी में 108 रन बनाए थे। इससे पहले मिशेल और ब्लंडेल ने पांचवें विकेट की साझेदारी में 236 रन जोड़े। ब्लंडेल को स्पिनर जैक लीच ने पवेलियन भेजा जिनका कैच बेन स्टोक्स ने लपका। इससे पहले न्यूजीलैंड के लिए पांचवें विकेट की साझेदारी का रिकॉर्ड नाथन एस्टल और क्रेग मैकमिलन के नाम था जिन्होंने वेलिंग्टन में 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 222 रन बनाए थे। इंग्लैंड टीम की गेंदबाजी की बात की जाए तो जेम्स एंडरसन ने 62 रन देकर तीन, स्टुअर्ट ब्रॉड ने 107 रन देकर दो, मैटी पॉट्स ने 126 रन देकर, कप्तान बेन स्टोक्स ने 85 रन देकर दो तो जैक लीच ने 140 रन देकर दो विकेट हासिल किए। जवाब में खेलने उतरी इंग्लैंड टीम ने अपने ओपनर्स की बदौलत मजबूत शुरूआत की। जैक क्राऊले (4) का जल्द विकेट गिर जाने के



बाद एलेक्स लीस और ओली पोप ने 50 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप की और अपनी टीम को संभाल लिया।

# ई-नीलामी के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगा आईपीएल : बीसीसीआई


**मुबई (एजेंसी)।**

भारत में इंटरनेट उपयोग करने वालों की भारी भरकम तादाद को देखते हुए अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ई-नीलामी में मीडिया राइट्स से बीसीसीआई पर पैसा बरसना तय है। अभी आईपीएल की लोकप्रियता नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल), इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) और मेजर लीग बेसबॉल के बाद चौथे नंबर पर है। भारत में माना जा रहा है कि साल 2024 तक इंटरनेट उपयोग करने वालों की संख्या बढ़कर 90 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उम्मीद है कि नीलामी के बाद आईपीएल दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगा। ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेजॉन मीडिया राइट्स (2023-2027) की दौड़ से पहले ही हट गयी है। ऐसे में अब मीडिया राइट्स के लिए मुख्य मुकाबला स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टर्स डिज्नी हॉटस्टार, सोनी, वायकॉम18 जैसी बड़ी कंपनियां के बीच होगा। पिछली बार स्टार इंडिया ने 2018 से 2022 के लिए आईपीएल इंडिया ब्रॉडकास्ट के मीडिया राइट्स हासिल किये थे। तब स्टार इंडिया ने ग्लोबल बिड में 16,347 करोड़ की सबसे ऊंची बोली लगाई थी। बीसीसीआई ने इस बार नीलामी के लिए आधार मूल्य 32,890 करोड़ रुपये निर्धारित किया है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि अगर मीडिया राइट्स आधार मूल्य पर जाते हैं तो भी आईपीएल की ब्रांड वैल्यू में काफी तेजी आयेगी। शाह ने कहा, वर्तमान में एनएफएल में एक मैच के लिए ब्रॉडकास्टर को 17 मिलियन डॉलर भुगतान करना पड़ता है। यह किसी भी स्पोर्ट्स लीग के लिए सबसे अधिक है। इसके बाद इंग्लिश प्रीमियर लीग में 11 मिलियन डॉलर है और मेजर लीग बेसबॉल का आंकड़ा भी तकरीबन समान है।

# रोनाल्डो को बड़ी राहत, अमरीकी अदालत में बलात्कार का मुकदमा रद्द

**वाशिंगटन ।** अमरीका की एक अदालत ने पुर्तगाल और मैनचेस्टर युनाइटेड के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के खिलाफ बलात्कार के आरोप के मुकदमे को खारिज कर दिया है। सीएनएन के अनुसार,



यह मुकदमा पूर्वाग्रह के साथ खारिज किया गया है, जिसका अर्थ है कि आरोप लगाने वाली कैथरीन मेयोर्गा दोबारा मुकदमा दर्ज नहीं कर सकतीं। रोनाल्डो पर 2009 में लास वेगास के एक होटल के कमरे में एक महिला के साथ बलात्कार करने का आरोप था और उनके खिलाफ 2.5 करोड़ का मुकदमा दायर किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार मेयोर्गा ने रोनाल्डो के साथ 2010 में कथित तौर पर अदालत के बाहर 3,75,000 डॉलर का समझौता किया था, लेकिन अब वह और रकम की मांग कर रही थीं। संघीय न्यायाधीश जेनिफर डोर्सी ने फैसला सुनाया कि मेयोर्गा द्वारा दायर किया गया मुकदमा उसके वकील द्वारा प्राप्त 'गोपनीय दस्तावेजों' पर आधारित था जिसने उनके मामले को 'दागी' कर दिया था।

# चयन में भेदभाव के आरोपों पर कार्रवाई नहीं होने से अवसाद में जा रहे जिमनास्ट आशीष

**नई दिल्ली ।** शीर्ष पुरुष जिमनास्ट आशीष कुमार ने कहा है कि आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए हुए चयन ट्रायल में भेदभाव के आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे मुझे टीम में जगह मिलने की उम्मीदें नहीं हैं। साथ ही कहा कि एक महीने के बाद भी इस मामले में कोई कदम नहीं उठाये गये हैं जिससे दुखी होने के कारण मैं अवसाद में जा रहा हूं।

आशीष ने भारतीय जिमनास्टिक महासंघ (जीएफआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को एक पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए चयन ट्रायल में उनके साथ न्याय नहीं हुआ है। इसके लिए ट्रायल्स 11 और 12 मई को हुए थे। उन्होंने ट्रायल्स में शीर्ष आठ जिमनास्ट के प्रदर्शन की वीडियो फुटेज की अंतरराष्ट्रीय जज से समीक्षा कराने की भी मांग की थी। वहीं साई ने इसके बाद जिमनास्टिक महासंघ से इस संबंध में रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा साथ ही यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगा। आशीष ने कहा कि इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई यह अभी तक जीएफआई और साई ने नहीं बताया है। इससे उनकी उम्मीदें हर बीत रहे दिन के साथ ही कम होती जा रही हैं। साथ ही कहा, 'मैं इस पूरे प्रकरण से अवसाद का अनुभव महसूस कर रहा हूं। मैं नहीं जानता कि मैं ट्रेनिंग क्यूं कर रहा हूं। जब आपको पता ही नहीं है कि आप राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले पाओगे या नहीं तो संशय की हालत में ट्रेनिंग किस प्रकार से जारी रखी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में जीएफआई अध्यक्ष सुधीर मित्तल ने कहा कि उन्होंने रिपोर्ट सौंप दी है और अब फैसला साई को करना है।

# हम घरेलू मैदान में अच्छा करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे: सुनील छेत्री

**कोलकाता। (एजेंसी)।**

घरेलू दर्शकों के सामने लगातार दो जीत दर्ज कर आत्मविश्वास से भरी भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि टीम हांगकांग के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफिकेशन ग्रुप डी के आखिरी क्वालीफाइंग मैच में जीत दर्ज कर अगले दौर में पहुंचने के लिए पूरा जोर लगायेगी। भारत ने शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ बेहद रोमांचक मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की। मैच के तीनों गोल खेल के 86वें मिनट के बाद हुए। यहां के साल्ट लेक स्टेडियम में 40000 दर्शकों के सामने छेत्री ने 86वें मिनट में गोल कर भारत का खाता खोला। जुबैर अमीरी ने हालांकि इसके दो मिनट के बाद अफगानिस्तान के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। मैच जब ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था तब सहल अब्दुल समद के गोल (90+1 मिनट) ने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को जश्न में डूबा दिया। छेत्री के लिए यह मुकाबला खास था क्योंकि उन्होंने इसी दिन अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपने 17 साल पूरे किये। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छेत्री का यह 83वां गोल था। छेत्री ने कहा, '' अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में इस तरह से अपने 17 साल का जश्न मना कर बहुत अच्छा लग रहा है। अफगानिस्तान के गोल के बाद मुझे लगा कि शायद हमें अंक साझा करने होंगे। लेकिन हमारे खिलाड़ियों ने वही किया जिसके लिए वे मैदान में उतरे थे।'' इस करिश्माई खिलाड़ी ने कहा, '' मेरे लिये इस तरह की उपलब्धियां हालांकि बहुत मायने नहीं रखती हैं लेकिन मैं इतने लंबे समय तक राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनने के लिए सम्मानित और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं।'' मैच के अंतिम समय में अब्दुल सहल समद के निर्णायक गोल के बाद उसैन बोल्ट की तरह उनके जश्न मनाने के तरीके के बारे में पूछे जाने पर छेत्री ने हंसते हुए कहा, ''अगर आप मेरा 'जीपीएस' देखेंगे तो शायद उस दिन का यह मेरी सबसे तेज स्प्रिंट (दौड़) थी। हम अब थोड़ा सा आराम करने के साथ वीडियो देख कर अगले मैच की तैयारी करेंगे। हांगकांग एक मजबूत टीम है, लेकिन हम घरेलू मैदान पर खेल रहे है। हम जीत के लिए पूरा जोर लगायेंगे। प्रशंसक भी वहां होंगे। '' इस जीत से भारत को ग्रुप में अपनी स्थिति मजबूत की। टीम 2019 में ग्रुप चरण से



बाहर होने के बाद लगातार दूसरे और कुल पांचवीं बार मुख्य चरण के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश कर रही है। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा, ''अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हम' ब्लू टाइगर्स' थे, और हमें मैदान में ऐसे ही रहने की जरूरत है। हम ऐसे प्रदर्शन को जारी रखना चाहते हैं।'' मैच के आखिरी क्षणों में विजयी गोल दागने वाले अब्दुल सहल ने खुशी का इजहार करते हुए कहा, '' यह जीत प्रशंसकों के सामने मिली है। इससे इसके मायने और बढ़ गये हैं। मुझे खुद पर भरोसा रखकर गोलकीपर को छकाना था। मेरे गोल करने से पहले ही पूरी टीम ने जश्न मनाना शुरू कर दिया था।

# साइक्लिंग कोच पर लगे आरोपों की जांच करेगा साई

**नई दिल्ली ।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने कहा है कि बर्खास्त राष्ट्रीय कोच आरके शर्मा पर लगे आरोपों की जांच होगी। इसके लिए स्लोवेनिया दौरे पर गए पूरे साइक्लिंग दल के साथ बात की जाएगी। कोच पर एक महिला साइकिलिस्ट ने उत्पीड़न के आरोप लगाये थे। इस मामले में महिला साइकिलिस्ट ने कोच के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है। महिला खिलाड़ी के आरोपों के बाद कोच का अनुबंध भी समाप्त कर दिया गया है। कोच पर आरोप लगाने वाली महिला साइकिल चालक इस सप्ताह की शुरुआत में ही स्लोवेनिया से वापस आ गयी थी जबकि पांच पुरुष साइकिल चालक और कोच शर्मा सहित दल के बाकी सदस्य शनिवार की सुबह ही भारत लौटे। साई ने अपने एक बयान में कहा , 'राष्ट्रीय स्तर की एक साइकिलिस्ट ने शनिवार को राष्ट्रीय कोच के खिलाफ स्लोवेनिया दौरे पर आपत्ति जनक बर्ताव के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है।' साई ने कहा कि उसने आंतरिक शिकायत समिति के जरिये इस मामले की जांच कराई इसके साथ ही खिलाड़ी को पुलिस में शिकायत दर्ज को भी कहा। इस बयान में कहा गया , 'खिलाड़ी के साथ एफआईआर दर्ज कराने के लिये साई ने 'टॉप्स' से अपने दो अधिकारी भी साथ में भेजे थे जिनमें एक महिला अधिकारी भी शामिल थी। जांच समिति ने पहले ही कोच और महिला साइकिल चालक से बात कर ली थी, अब वह इस मामले में और जानकारी के लिए अगले सप्ताह दल के अन्य सदस्यों से भी बात करेगी।

# बांग्लादेश को राहत, वेस्टइंडीज दौरे के लिए प्रमुख तेज गेंदबाज की टीम में वापसी

**ढाका (एजेंसी)।**

बांग्लादेश के प्रमुख तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और शोरिफुल इस्लाम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टी20 श्रंखला के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है। दोनों गेंदबाजों को चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रंखला से बाहर रखा गया है, लेकिन प्रबंधन ने उन्हें टी20 मुकाबलों के लिए टीम में शामिल किया है। श्रीलंका के खिलाफ चट्टोग्राम टेस्ट के दौरान शोरिफुल की कलाई में चोट आने के बाद वह वेस्ट डीज के विरुद्ध टेस्ट नहीं खेल पाए थे, लेकिन उन्होंने शनिवार से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ अभ्यास शुरू कर दिया है। शोरिफुल ने क्रिकबज् को बताया, 'आज मैंने गेंदबाजी शुरू कर दी है, और करीब छह ओवर गेंदबाजी की है। उम्मीद है कि लगभग एक हफ्ते में मैं पूरी लय के साथ गेंदबाजी कर सकूंगा।' शोरिफुल ने जहां शनिवार को गेंदबाजी शुरू की, वहीं तस्कीन ने यह एक जून को ही शुरू कर दी थी। दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान कंधे में चोट लगने से तस्कीन श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से चूक गए थे, क्योंकि वह रिकवरी के लिए एक रिहैब प्रोग्राम से गुजर रहे थे। तस्कीन ने कहा, 'मैं एक दिन में चार ओवर और दूसरे दिन आठ ओवर गेंदबाजी कर रहा हूं और फिजियो के निर्देश का पालन करके सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए तैयार हो रहा हूं। मैं इस समय कोई दर्द महसूस नहीं कर रहा हूं और वेस्टइंडीज दौरे से पहले अपनी पूरी लय हासिल करना चाहता हूं।'

# निक किर्गियोस ने कहा: मर्रे से हार के दौरान नस्ली टिप्पणियों का सामना किया

**स्टुटगार्ट।** ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने कहा कि स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एंडी मर्रे से हार के दौरान उन्हें दर्शकों की नस्ली टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। किर्गियोस ने मर्रे से 7-6 (5), 6-2 से हारने के बाद इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि उन्होंने शनिवार को खेले गये मैच में दर्शकों की अपमानजनक टिप्पणियां सुनीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'यह सब कब रुकेगा? दर्शकों की नस्ली टिप्पणियों का सामना करना?' किर्गियोस ने कहा, 'मैं जानता हूं मेरा व्यवहार हर समय सबसे अच्छा नहीं रहता लेकिन 'काली भेड़' और 'चुप रहो और खेलो' जैसी टिप्पणियां कतई स्वीकार्य नहीं हैं। जब मैं दर्शकों को जवाब देता हूं तो मुझे दंडित किया जाता है। यह सही नहीं है।' मर्रे 2016 में विंबलडन जीतने के बाद से अपना पहला ग्रास कोर्ट एकल फाइनल खेलेंगे, जिसमें उनका सामना इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त माटेओ बेरेटिनी से होगा। बेरेटिनी ने बिना सर्विस ब्रेक वाले एक संघर्षपूर्ण मैच में ऑस्कर ओट्टे को 7-6 (7), 7-6 (5) से हराया।

# एशियाई खेलों में 400 मीटर में वापसी करना चाहती है धाविका हिमा दास

**चेन्नई। (एजेंसी)।**

स्टार धाविका हिमा दास को जिस 400 मीटर में शानदार प्रदर्शन से 2018 में प्रसिद्धि मिली थी वह उसमें फिर से वापसी करने के लिये प्रतिबद्ध है और उन्होंने एक साल के लिये स्थगित किये गये एशियाई खेलों में अपनी इस प्रिय स्पर्धा में हिस्सा लेने को अपना लक्ष्य बनाया है। इस 22 वर्षीय एथलीट ने आखिरी बार किसी बड़ी प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में अप्रैल 2019 में दोहा में एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। पीठ दर्द के कारण तब वह दौड़ के बीच से हट गई थी।

हिमा ने बाद में 2019 में चेक गणराज्य में छोटी श्रेणी की दो प्रतियोगिताओं में 400 मीटर में दौड़ लगाई, लेकिन तब से उन्होंने इस दौड़ में भाग नहीं लिया। वह पीठ की चोट के कारण 2019 में विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पायी थी। हिमा ने यहां राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप में 100 मीटर दौड़ में 10.43 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, ''मैंने 400 मीटर दौड़ को अपनी योजना से नहीं हटाया है। यह (चोट से उबरना) एक लंबी प्रक्रिया है। जब मैं चोटिल थी तो 400 मीटर दौड़ने में सक्षम नहीं थी क्योंकि मेरी पीठ के दाहिने तरफ बहुत दबाव पड़ रहा था।'' उन्होंने कहा, ''मेरा एल4 और एल5 (रीढ़ में दो कशेरुक) टूट गये थे। जब भी मैं दौड़ती हूं तो यह मुझे प्रभावित करता है। फिर मैंने अपनी फिजियोथेरेपी की और धीरे धीरे मैं 30 मीटर, 40 मीटर, 50 मीटर, 100 मीटर और फिर 200 मीटरदौड़ने लगी।

300 मीटर तक मेरी स्थिति अच्छी रहती है। मैंने कुछ समय पहले यूरोप में 300 मीटर दौड़ लगाई थी।'' यह पूछे जाने पर कि वह 400 मीटर दौड़ कब शुरू कर सकती हैं,हिमा ने कहा, ''अभी नहीं, लेकिन निश्चित रूप से ऐसा (निकट भविष्य में) करूंगी।'' उन्होंने कहा, ''ऐसा इस साल के आखिर में हो सकता है। इससे मैं स्थगित एशियाई खेलों के लिए 400 मीटर की तैयारी कर सकती हूं क्योंकि मुझे (एशियाई खेलों के लिए) तैयारी के लिए समय चाहिए।'' हिमा को पिछले साल पटियाला में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप के दौरान भी चोट लगी थी।



चोट के कारण उन्हें 100 मीटर और चार गुणा 100 मीटर रिले फाइनल से बाहर होना पड़ा था। वह 200 मीटर फाइनल में दौड़ी लेकिनपांचवें स्थान पर रहने के कारण तोक्यो ओलंपिक की टीम में जगह नहीं बना पायी थी। एशियाई खेल पहले इस साल सितंबर में होने थे लेकिन मेजबान देश चीन में कोविड-19 के मामले बढ़ने के कारण इन्हें स्थगित कर दिया गया। इनका आयोजन अगले साल होने की संभावना है।

# चेन्नइयिन ने डिफेंडर गुरमुख से करार किया

**चेन्नई ।** चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले के लिए राजस्थान युनाइटेड एफसी की रक्षापंक्ति के खिलाड़ी गुरमुख सिंह के साथ दो साल का अनुबंध किया है। गुरमुख आई-लीग फुटबॉल में राजस्थान युनाइटेड की ओर से खेलते हैं। गुरमुख ने कहा कि जब से मैंने फुटबॉल खेलना शुरू किया है, आईएसएल में खेलना हमेशा से ही मेरा लक्ष्य रहा है और आज यह सच हुआ है। मुझ पर विश्वास रखने के लिए मैं चेन्नईयिन टीम का आभारी हूं।इस फुटबॉलर ने अपने पदार्पण सत्र में राजस्थान की टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन कर उसे 2021 में आई-लीग के दूसरे डिवीजन में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह ईस्ट बंगाल अकादमी से प्रशिक्षण लेने के बाद वह मिनर्वा अकादमी एफसी में भी थे। चेन्नइयिन की ओर से कहा गया है कि गुरमुख के आने से उनकी टीम की रक्षापंक्ति और बेहतर होगी।



# वट सावित्री पूर्णिमा पर कौन-सा मंत्र बोलें, पढ़ें पूजा विधि, मुहूर्त और कथा

स्कन्द व भविष्य पुराण के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को किया जाता है, लेकिन निर्णयामृतादि के अनुसार यह व्रत ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या को भी किया जाता है। भारत में अमानता व पूर्णिमानता ये दो मुख्य कैलेंडर प्रचलित हैं। पूर्णिमानता कैलेंडर के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह की अमावस्या को मनाया जाता है जबकि अमानता कैलेंडर के अनुसार इसे ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को मनाते हैं, जिसे वट पूर्णिमा व्रत भी कहते हैं। 14 जून 2022 मंगलवार को यह व्रत रखा जाएगा। आओ जानते हैं वट सावित्री पूर्णिमा की पूजा विधि, मुहूर्त, मंत्र और कथा।

## वट सावित्री पूर्णिमा व्रत का मंत्र

मंत्र : ओम नमो ब्रह्मणा सह सावित्री इहागच्छ इह तिष्ठ सुप्रतिष्ठिता भव।

## निम्न संकल्प लेकर उपवास रखें

मम वैधव्यादिसकलदोषपरिहारार्थं ब्रह्मसावित्रीप्रीत्यर्थं सत्यवत्सावित्रीप्रीत्यर्थं च वटसावित्रीव्रतमहं करिष्ये।

## निम्न श्लोक से सावित्री को अर्घ्य दें

अवैधव्यं च सौभाग्यं देहि त्वं मम सुव्रते।
पुत्रान पौत्रांश्च सौख्यं च गृहाणार्घ्यं नमोस्तुते।।

## निम्न श्लोक से वटवृक्ष की प्रार्थना करें

यथा शाखाप्रशाखाभिर्वृद्धोसि त्वं महीतले।
तथा पुत्रैश्च पौत्रैश्च सम्पन्नं कुरु मा सदा।।

## वट सावित्री पूर्णिमा व्रत पूजा का मुहूर्त

**पूर्णिमा तिथि** : पूर्णिमा तिथि शाम 05:21 तक उसके बाद प्रतिपदा।
**अभिजीत मुहूर्त** : सुबह 11:31 से 12:26 तक।
**अमृत काल मुहूर्त** : सुबह 10:47 से दोपहर 12:12 तक।
**विजय मुहूर्त** : दोपहर 02:15 से 03:10 तक।
**गोधूलि मुहूर्त** : शाम 06:36 से 07:00 तक।
**सायाह्न संध्या मुहूर्त** : शाम 06:49 से 07:51 तक।

## वट सावित्री पूर्णिमा व्रत की पूजा विधि

- वट सावित्री पूर्णिमा के दिन सर्वप्रथम सुहागन महिलाएं सुबह उठकर अपने नित्य क्रम से निवृत हो स्नान करके शुद्ध हो जाएं।
- फिर नए वस्त्र पहनकर सोलह श्रृंगार कर लें।
- इसके बाद पूजन के सभी सामग्री को डलिया या थाली में सजा लें।
- वट वृक्ष के नीचे जाकर वहां पर सफाई कर सभी सामग्री रख लें।
- सबसे पहले सत्यवान एवं सावित्री की मूर्ति स्थापित करें। अब धूप, दीप, रोली, सिंदूर से पूजन करें।
- लाल कपड़ा सत्यवान-सावित्री को अर्पित करें तथा फल समर्पित करें।
- फिर बांस के पंखे से सत्यवान-सावित्री को हवा करें।
- बरगद के पत्ते को अपने बालों में लगाएं।
- अब धागे को बरगद के पेड़ में बांधकर यथा शक्ति 5, 11, 21, 51 या 108 बार परिक्रमा करें।
- इसके बाद सावित्री-सत्यवान की कथा पंडित जी से सुनें या कथा स्वयं पढ़ें।
- इसके बाद घर में आकर उसी पंखे से अपने पति को हवा करें तथा उनका आशीर्वाद लें।
- उसके बाद शाम के वक्त एक बार मीठा भोजन करें और अपने पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना करें।



# तुलसी में जल इस दिन दिया तो नाराज हो जाएंगी मां लक्ष्मी

तुलसी के पौधे को साक्षात मां लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। तुलसी कथा के अनुसार पहले यह वृंदा नाम की एक पवित्र महिला थी। श्रीहरि विष्णु की कृपा से जिसने पौधे का रूप ले लिया था। तुलसी के विभिन्न प्रकार के पौधे मिलते हैं- जैसे श्रीकृष्ण तुलसी, लक्ष्मी तुलसी, राम तुलसी, भू तुलसी, नील तुलसी, श्वेत तुलसी, रक्त तुलसी, वन तुलसी, ज्ञान तुलसी आदि। आओ जानते हैं कि तुलसी के पौधे को जल देने के क्या नियम है।


- तुलसी की जड़ों में रविवार और एकादशी को छोड़कर प्रतिदिन उचित मात्रा में जल अर्पण करना चाहिए। अर्थात ना कम और ना ज्यादा।
- यदि ज्यादा मात्रा में जल अर्पण किया तो पौधा समाप्त हो जाएगा और कम मात्रा में भी। कम फिर भी चल जाएगा परंतु ज्यादा नहीं। वैसे यदि एक दिन छोड़कर भी आप पानी अर्पण करेंगे तो चलेगा। बारिश में तो सप्ताह में दो बार ही डालें।
- रविवार और एकादशी के दिन तुलसी महारानी ठाकुरजी के लिए व्रत रखती है। वह केवल इन्हीं दो दिनों विश्राम करती और निंद्रा लेती हैं। मान्यता है कि यदि रविवार और एकादशी के दिन तुलसी में जल दिया तो माता लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं।



# जम्मू के डोडा स्थित वासुकी नाग मंदिर का रहस्य

वासुकि नाग मंदिर (डोडा जम्मू) भद्रेवाह का सबसे पुराना मंदिर है जो 11वीं सदी में बना था। मंदिर में वासुकि भगवान की मूर्ति लगी हुई है जो एक बड़े से पत्थर से बनाई गई है। भद्रवाह के इस मंदिर को भद्रकाशी के रूप में भी जाना जाता है। मंदिर वास्तुकला और मूर्तिकला का एक अद्भुत नमूना है, जहां एक पत्थर पर दो प्रतिमाएँ (वासुकी और राजा जामुन वाहन) तराशी हुई हैं। इससे थोड़ी ही दूर पर कैलाश कुंड स्थित है, जिसे वासुकी कुंड के नाम से भी जानते हैं। जनश्रुति के अनुसार कहा जाता है कि 1629 में बसोहली के राजा भूपत पाल ने भद्रवाह पर अपना अधिकार जमा लिया था। परंतु कैलाश कुंड पार करते समय वे एक नागपाश में फंस गए। भयभीत राजा ने विशाल नाग से क्षमा याचना की तब नाग ने राजा के कान के छल्ले से यहां एक मंदिर बनवाने को कहा। यहां स्थित कुंड को 'वासक छल्ला' भी कहते हैं, क्योंकि मंदिर निर्माण में देरी के कारण आक्रोशित नागराज ने पानी पी रहे राजा को छल्ला झरने से वापस कर दिया था। हालांकि, राजा ने शीघ्री ही मंदिर निर्माण कराक छल्ला वापस समर्पित किया। कथा है कि रास्ते में मूर्तियां जहां रखी गईं और वहां से उठी ही नहीं। कैलाश कुंड या कपलाश जिसे वासुकी कुंड के नाम से भी जाना जाता है, नागराज वासुकी का निवास स्थान है और समुद्र तल से 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दूर-दूर से हजारों भक्त मंदिर के दर्शन करने और भगवान वासुकी को प्रणाम करने आते हैं। मंदिर में वासुकी नाग और राजा जमुते वाहन की एक ही काले पत्थर की मूर्ति है। कहते हैं कि वासुकी नाग की एक सुंदर मूर्ति शानू समुदाय के पूर्वजों द्वारा बनाई गई थी। वासुकी नाग मंदिर में दाईं ओर भगवान वासुकी नाग और बाईं ओर राजा जमुते वाहन की मूर्तियां हैं, जो रहस्यमय तरीके से बिना किसी सहारे के अपने आप खड़ी हैं। 7 सिर वाले भगवान नाग 'वासुकी नाग' को समर्पित एक वार्षिक तीर्थयात्रा, भद्रवाह की कैलाश यात्रा इस मंदिर में अनुष्ठान पूजा के बाद ही शुरू होती है।

**कौन है वासुकी** : हिंदू धर्म की पौराणिक कथाओं के अनुसार, वासुकि नागों के राजा हुआ करते थे जिनके माथे पर नागमणि लगी थी। शिवजी के गले में जो नाग है वह वासुकि ही है। इनकी बहन का नाम माता मनसा देवी है। वसुकी के पिता ऋषि कश्यप थे और उनकी मां कद्रू थीं। प्राचीनकाल में कश्मीर का संपूर्ण क्षेत्र ही शेषनाग



(अनंतनाग) और उनके भाईयों का ही क्षेत्र था। यहां पर उन्हीं का राज था।

**मंदिर स्थापना से जुड़ी कथा** : भद्रवाह को 'नागोन की भूमि' भी कहा जाता है। 8वीं और 9वीं विक्रम संवंत के बीच भद्रवाह के चंद्रवंशी राजा, महाराजा धूरी पाल ने अपने राज्य में वासुकी नाग मंदिर के निर्माण की शुरुआत की थी। हालांकि मंदिर निर्माण शुरू हो गया था लेकिन कई प्रयासों के बाद भी मंदिर में मूर्तियों स्थापित करने में बाधा उत्पन्न हो रही थी। तब राजा ने पुजारियों से इसका कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि यहां एक वासक धेरा दुष्ट आत्मा रहती है और उससे छुटकारा पाने के लिए, एक ब्राह्मण की बलि देना होगा।

राजा को यह सुनकर आश्चर्य हुआ लेकिन धूर्त पुजारियों की बात में आकर राजा ने आदेश दे दिया। सलाहकारों की सलाह पर गांव मनवा के एक ब्राह्मण ने उन्हें देवराज और बोधराज नामक ब्राह्मण भाइयों में से एक को पकड़ने का सुझाव दिया। सैनिक गए तब उन्होंने देखा कि उनमें से एक ब्राह्मण बोधराज ध्यान कर रहा था। जैसे ही राजा के सिपाही ने ब्राह्मण का सिर काटने के लिए अपनी तलवार खींची, उसके हाथ हवा में जम गए। फिर जब वह ब्राह्मण ध्यान से जागा तो उसने सैनिक से उसे मारने का उद्देश्य पूछा। इस बीच, ब्राह्मण का भाई देवराज भी जंगलों से शिविर में लौट आया। सिपाहियों ने उन्हें राजा के आदेशों के बारे में बताया। जिसके लिए बोधराज दत्त राजा के सामने जाने के लिए तैयार हो गए। दरबार पहुंचने पर राजा ने विनम्रता से उसे कहानी सुनाई और मदद की गुहार लगाई। इसके लिए, बोधराज ने एक शर्त रखी कि मैं अपना सिर दूर्वा घास से काटूंगा लेकिन मेरी शर्त यह है कि सिर काटने के बाद जहां तक मेरा धड़ चलेगा वहां तक की भूमि मेरे भाई और परिवार को सौंपना होगा और जब तक मेरा धड़ चलेगा तब तक आप उसे रोक नहीं सकते। राजा ने शर्त मांग ली।

बोधराज ने अपना सिर काट कर रख दिया और सिरविहीन शरीर जाग गया और राज्य भद्रवाह में चलने लगा। राजा को अपनी गलती का अहसास हो चला था, क्योंकि सिर मीलों तक पैदल चलता रहा। उस शरीर को मीलों तक जाने के बाद भी कोई रोकने की हिम्मत नहीं कर पाया। अंत में खुद वासुकी नाग गाय के रूप में प्रकट हुए और उन्होंने उस धड़ को रोका। जिसके बाद इस स्थान पर सभी धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ पवित्र संत बोधराज दत्त के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना से क्रोधित होकर, ब्राह्मण देवराज ने अंतिम अनुष्ठान के बाद घोषणा की कि उनका परिवार न तो वासुकी मंदिर में पूजा करने के लिए प्रवेश करेगा और न ही प्रसादम या चरणामृत के रूप में कोई प्रसाद स्वीकार करेगा।



# बनारस में शिव को भक्त देते हैं आशीर्वाद

बनारस के शिव मंदिर के सामने अगर कोई संत आपको यह कहते हुए मिले कि 'खुश रहा बाबा' तो चौंकिए नहीं.यह अंदाज है काशी के निवासियों का कि वे बाबा भोलेनाथ को आशीष देते हैंआपको अचरज हो सकता है कि जिन बाबा भोलेनाथ से लोग आशीर्वाद मांगते हैं उन्हें आशीर्वाद देने की यह परंपरा कैसी है? असल में काशी के निवासी कहते हैं कि बाबा को यहां दामाद का रूप माना गया है। दामाद स्वरूप पुत्र को यहां के लोग प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। यहां आपको कई साधु, संत, बुजुर्ग शिव मंदिर के सामने से यह बोलकर जाते दिखाई दे सकते हैं- खुश रहा (रहो), प्रसन्न रहा (रहो), दरबार बना रहे, सब मंगल हो, सब कुशल हो यहां तक कि कुछ बुजुर्ग उनके हालचाल जानते भी दिखाई देते हैंब़ाबा प्रसन्न हो ना, कोई कमी तो नहीं.एक कदम आगे कुछ लोग बाबा की आवभगत ऐसे करते हैं जैसे दामाद स्वरूप पुत्र की होती है। कुछ बुजुर्ग महिलाएं दामाद के लिए होने वाली रस्में महाशिरात्रि, सावन, होली, दिवाली और रंगभरी एकादशी पर निभाते देखी जा सकती हैं। कुल मिलाकर परंपरा यह है कि उन्हें अपने पुत्र सम दामाद का दर्जा देकर उन पर शुभ आशीष बरसाए जाते हैं। पंडितों का कहना है कि बदलते जमाने के साथ यह अब चलन में ज्यादा नहीं है पर पुराने जमाने के लोग अब भी इस परंपरा को निभाने में अपना सम्मान और सौभाग्य समझते हैं।




# स्कंद पुराण की ऐसी बातें जो आपके काम आएंगी

भगवान शंकर के बड़े पुत्र कार्तिकेय का ही एक नाम स्कन्द है। उन्हीं के नाम पर लिखा गया स्कंद पुराण। इसे महापुराण माना जाता है। पुराणों के क्रम में इसका तेरहवां स्थान है इसके खंडात्मक और संहितात्मक उपलब्ध दो रूपों में से प्रत्येक में 81 हजार श्लोक हैं। आओ जानते हैं इस पुराण की 7 खास बातें।

## शंकरजी होते हैं प्रसन्न

स्कंद पुराण का पाठ करने से भगवान शंकर प्रसन्न होते हैं। स्कंद पुराण की महाकाल कथा में इसका वर्णन मिलता है। इसमें 12 ज्योर्तिलंगों की उत्पत्ति का वर्णन भी है।

## प्रदोष व्रत का महत्व

स्कंद पुराण में प्रदोष व्रत के महामात्य का वर्णन मिलता है। इस व्रत को करने से सभी तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। इसमें एक विधवा ब्राह्मणी और शांडिल्य ऋषि की कथा के माध्यम से इस व्रत की महिमा का वर्णन मिलेगा।

गृहस्थ जीवन

जीवितं च धनं दारा पुत्रा: क्षेत्र गृहाणि च। याति येषां धर्माकृते त भुवि मानवा: [स्कंदपुराण:]

अर्थात- मनुष्य जीवन में धन, स्त्री, पुत्र, घर-धर्म के काम, और खेत- ये 5 चीजें जिस मनुष्य के पास होती हैं, उसी मनुष्य का जीवन इस धरती पर सफल माना जाता है।

## वैशाख मास का महत्व

स्कंद पुराण के वैष्णव खंड अध्याय 4 में वैशाख मास के महामात्य का विस्तार से वर्णन मिलता है। इसके श्लोक 34 के अनुसार इस मास में तेल लगाना, दिन में सोना, कांसे के बर्तन में भोजन करना, दो बार भोजन करना, रात में खाना आदि वर्जित माना गया है। वैशाख के माह में पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। स्कंदपुराण में उल्लेख है कि महीरथ नाम के राजा ने केवल वैशाख स्नान से ही वैकुण्ठधाम प्राप्त किया था। इस माह में पंखा, खरबूजा, अन्य फल, अनाज, जलदान, प्रदोष व्रत, स्कंद पुराण का पाठ करने का महत्व है।

वैशाखे मेषगे भानौ प्रात:स्नानपरायण: ।।
अर्घ्यं तेहं प्रदास्यामि गृहाण मधुसूदन ।। 34 ।।

## श्रद्धा एवं मेधा का महत्व

संक्षिप्त स्कन्दपुराण के वैष्णवखण्ड-कार्तिकमास-माहात्म्य के अनुसार ब्रम्हाजी कहते हैं कि इस पृथ्वी पर श्रद्धा एवं मेधा ये दो वस्तुएं ऐसी हैं जो काम, क्रोध आदि का नाश करती हैं।

## भारत और धर्म का ज्ञान

इस पुराण में काशीखंड, महेश्वर खंड, रेवाखंड, अवन्तिका खण्ड, प्रभास खण्ड, ब्रह्म खण्ड और वैष्णव खण्ड आदि कुल सात खंड है। कुछ विद्वान छह खंड बताते हैं। इसमें 51 शक्तिपीठ, 27 नक्षत्रों, 18 नदियों, भारत के 12 ज्योर्तिलंगों सहित पर्वत श्रृंखलाओं के उल्लेख के साथ ही धर्म ज्ञान और नीतियों से संबंधित कई बातें बताई गई हैं जो आपके जीवन में काम आ सकती है।

## प्राचीन पौराणिक कथाओं का ज्ञान

### चंद्र कथा

इस पुराण में सोमदेव, तारा, उनके पुत्र बुध की उत्पत्ति की कथा, 27 नक्षत्रों का वर्णन भी मिलती है। इस कथा के श्रवण से पाप और रोगों का नाश होता है।

### तारकासुर वध कथा

यह शैव संप्रदाय का पुराण है जिसमें शिवपुत्र स्कन्द द्वारा तारकासुर के वध की कथा का वर्णन मिलता है। इस कथा के श्रवण और भगवान स्कद की पूजा से सभी क्षेत्र में विजयी प्राप्त होती है।

### समुद्र मंथन कथा

इस पुराण में समुद्र मंथन की कथा भी है। कहते हैं जो यह कथा सुनता है उसे आयोग्य और लक्ष्मी की प्राप्त होती है।

### गंगा अवतरण कथा

इस पुराण में 18 नदियों सहित गंगा अवतरण की कथा का वर्णन भी है। मोक्षदायीनी गंगा की कथा सुनने से व्यक्ति के सारे पापों का नाश हो जाता है।

### सती दाह कथा

इसी पुराण में सती दाह कथा और शक्तिपीठों का वर्णन मिलता है। सती दाह कथा का श्रवण करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके अलावा स्कंद पुराण में धर्म ज्ञान और नीतियों से संबंधित कई बातें बताई गई हैं जिसे जानकर व्यक्ति का मन निर्मल होकर सद्कर्मों में लगता है और जीवन सफल हो जाता है।

## गधों का मुल्क बनता जा रहा पाकिस्तान! चीन में है भारी डिमांड, कंगाली दूर करने के लिए निर्यात कर कमा रहा पैसे

इस्लामाबाद । इस सप्ताह जारी वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए पाकिस्तान के आर्थिक सर्वेक्षण में अन्य पशुओं के अलावा गधों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए कृषि और पशुधन को प्राथमिकता देता रहा है। इसी कड़ी में गधों का चीन को निर्यात करना एक बड़ा हिस्सा है। जानवर इतना महत्वपूर्ण है कि 2021 में पाकिस्तान की हिट एनिमेटेड फिल्म द डोंकी किंग चीन में रिलीज हुई थी। यह राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है- जबकि पिछले साल गधों की संख्या बढ़ी, इमरान खान सरकार को नेशनल असेंबली के बजट सत्र में कड़े विरोध का सामना करना पड़ा, जिसमें राजनीतिक नेताओं ने 'गधा राजा की सरकार नहीं चलेगी' के नारे लगाए थे।

### हर साल बढ़ रहे एक लाख गधे

ताजा सर्वे के मुताबिक, 2021-2022 में पाकिस्तान में गधों की आबादी बढ़कर 5.7 मिलियन हो गई। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में गधों की संख्या बढ़कर 56 लाख थी। इसी के साथ पाकिस्तान ने गधों की आबादी में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश होने का गौरव बरकरार रखा है। लिहाजा गधों की बढ़ती तादाद से निपटने के लिए पाकिस्तान चीन को गधे निर्यात करेगा।

### चीन में पाकिस्तानी गधो की बढ़ी डिमांड

पाकिस्तान के चीन को गधों की एक्सपोर्ट करने वाली एक हैरान करने वाली बात सामने आई है। खबरों के अनुसार चीन में पाकिस्तानी गधों की भारी डिमांड है। चीन इन्हें भारी दाम देकर खरीदता भी है। एक समझौते के अनुसार, पाकिस्तान चीन को हर साल 80 हजार गधों को भेजता है। जिनका उपयोग मांस और कई अन्य काम के लिए किया जाता है।

## युद्ध में और अधिक घातक हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है रूस : यूक्रेन

कीव। यूक्रेन और ब्रिटेन के अधिकारियों ने शनिवार को चेतावनी दी कि रूसी सेना बड़े पैमाने पर तबाही मचाने वाले घातक हथियारों का इस्तेमाल करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि रूसी सेना यूक्रेन के पूर्वी हिस्सों पर कब्जा करने के उद्देश्य से और अधिक घातक हथियारों का इस्तेमाल कर सकती है, क्योंकि लंबे समय से चले आ रहे युद्ध के कारण दोनों ही देशों के संसाधनों में कमी आई है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस बात की आशंका है कि रूसी बमवर्षक विमान यूक्रेन में जहाज-रोधी मिसाइलों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन मिसाइलों का इस्तेमाल पहली बार 1960 के दशक में किया गया था। केएच-22 मिसाइलों को प्रमुख रूप से विमान वाहक युद्धपोतों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें परमाणु हथियार का इस्तेमाल किया जाता है। जब पारंपरिक रूप से केएच-22 मिसाइलों का इस्तेमाल जमीनी हमलों में किया जाता है तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं और बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान भी हो सकता है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार रूस 5.5 टन वजन वाली जहाज-रोधी मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है।

## अमेरिका में बंदूक संबंधी नए कानून बनाने की मांग को लेकर हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

वाशिंगटन। अमेरिका के कई हिस्सों में शनिवार को हजारों लोगों ने बंदूक संस्कृति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और बंदूकों की उपलब्धता को नियंत्रित करने के लिए नए कानून बनाए जाने की मांग की। दरअसल, अमेरिका में हाल के समय में गोलीबारी की घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। पिछले महीने टेक्सास के उवालदे में एक प्राथमिक विद्यालय में हुई गोलीबारी की घटना में 19 बच्चों और दो वयस्कों की मौत हो गयी थी। इसके बाद बफेलो सुपरमार्केट में हुई भीषण गोलीबारी में भी 10 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद से ही अमेरिका में बंदूक रखने के नियमों को सख्त बनाए जाने की मांग की जा रही है। अमेरिका के कोलंबिया प्रांत की मेयर म्यूरियल बोसेर ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए कहा, ''अब बहुत हो चुका। मैं एक मेयर और एक मां होने के तौर पर यह कह रही हूं। मैं उन लाखों अमेरिकी नागरिकों की ओर से बोल रही हूं, जो कांग्रेस से बंदूक रखने संबंधी नए कानूनों को मंजूरी देने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस का यह कर्त्तव्य है कि वह हमें और हमारे बच्चों को बंदूकों के कारण होने वाली हिंसा से बचाए।'' फ्लोरिडा के एक स्कूल में 2018 में हुई गोलीबारी की घटना में बचने वाले डेविड हॉग नामक व्यक्ति ने कहा, ''अगर हमारी सरकार 19 बच्चों को उनके ही स्कूल में मारे जाने और कत्ल होने से रोकने के लिए कुछ नहीं कर सकती है, तो जो सरकार में हैं, यह समय उसे बदल देने का है।'' अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इन विरोध प्रदर्शनों का समर्थन किया है और साथ ही उन्होंने कांग्रेस से अपील की है कि नए बंदूक सुरक्षा कानून को जल्द मंजूरी दी जाए।

## चीन ने अमेरिका पर एशिया में समर्थन 'हाईजैक' करने के प्रयास का आरोप लगाया

सिंगापुर। चीन के रक्षा मंत्री ने रविवार को अमेरिका पर एशिया प्रशांत क्षेत्र के देशों को बीजिंग के खिलाफ करने के लिये उनके समर्थन को हथियाने (हाईजैक करने) का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि वह ''बहुपक्षवाद की आड़ में'' अपने हितों को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंगे ने अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन पर बरसते हुये, एक दिन पहले शांगरीला डायलॉग में लगाये गये उनके 'बदनाम करने वाले आरोपों' को खारिज कर दिया। इन आरोपों में ऑस्टिन ने कहा था कि चीन स्व-शासित ताइवान द्वीप पर अपने दावे और अपनी ''अस्थिरता वाली सैन्य गतिविधि'' से क्षेत्र में अस्थिरता पैदा कर रहा है। ऑस्टिन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ बहुपक्षीय साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके बारे में चीनी रक्षा मंत्री ने कहा कि यह चीन को अलग-थलग करने का एक प्रयास है। फेंगे ने कहा, ''किसी भी देश को बहुपक्षवाद की आड़ में अपनी इच्छा दूसरों पर नहीं थोपनी चाहिए या दूसरों पर रौब नहीं जमाना चाहिए।'' उन्होंन कहा, ''यह रणनीति हमारे क्षेत्र के देशों का समर्थन हथियाने और एक विशिष्ट देश को निशाना बनाने लिए स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के नाम पर एक विशेष छोटा समूह बनाने का प्रयास है। यह दूसरों को रोकने और उन्हें घेरने के लिए संघर्ष और टकराव पैदा करने की रणनीति है।'' चीन अपनी सेना का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है और इस क्षेत्र में अपने प्रभाव और महत्वाकांक्षाओं का विस्तार करना चाहता है। चीन ने हाल ही में सोलोमन द्वीप समूह के साथ एक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे कई लोगों को इस बात डर है कि प्रशांत क्षेत्र में चीन अपने नौसैनिक अड्डे बना सकता है।

## जल्दी ही हर एक सिगरेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखना अनिवार्य कर देगा कनाडा

टोरंटो । कनाडा जल्दी ही दुनिया का पहला ऐसा देश बनने वाला है, जहां प्रत्येक सिगरेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखना अनिवार्य होगा। इससे पहले, देश में तंबाकू उत्पादों की पैकिंग पर चेतावनी के रूप में एक ग्राफिक चित्र लगाने की नीति लागू की गई थी। दो दशक पहले शुरू की गई इस नीति को बाद में दुनियाभर में अपनाया गया। मानसिक स्वास्थ्य मंत्री कैरोलिन बेनेट ने कहा हमें उन चिंताओं को दूर करना है कि इन संदेशों का प्रभाव कम हो गया है। हर तंबाकू उत्पाद पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखने से सुनिश्चित किया जा सकेगा कि यह जरूरी संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे, जिसमें वे युवा भी शामिल हैं, जो एक बार में एक सिगरेट लेते हैं और पैकेट पर लिखी चेतावनी नहीं देख पाते।

इस प्रस्ताव पर शनिवार से चर्चा होगी और सरकार को लगता है कि 2023 के अंत तक यह नियम लागू किया जा सकेगा। बेनेट ने बताया कि प्रत्येक सिगरेट पर हर कश में जहर है संदेश लिखने का प्रस्ताव है। हालांकि, इसमें बदलाव भी किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह नई पैकेजिंग यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी कि स्वास्थ्य संबंधी संदेश उन लोगों तक खासतौर पर युवा और व्यस्कों तक पहुंचे जो अक्सर सामाजिक परिस्थितियों में एक बार में सिगरेट का उपयोग करते हैं। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के टिपिंग पेपर पर लेबल लगाने से स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियों से पूरी तरह बचना असंभव हो जाएगा।

## बीजिंग में फिर से बढ़ सकते हैं कोरोना संक्रमण के केस, शंघाई में घर-घर शुरू की गई टेस्टिंग

बीजिंग । चीन में एक बार फिर से कोरोना की वजह से संकट पैदा हो गया है। राजधानी बीजिंग और शंघाई शहरों में कोरोना का संक्रमण बहुत फैल गया है। बीजिंग में कोरोना के ज्यादातर नए केस को एक 'बार' से जोड़ कर देखा जा रहा है। संक्रमण के 61 नए मामले ऐसे हैं, जो इस बार के अंदर गए या फिर वहां जाने वाले लोगों के संपर्क में आए। उधर शंघाई में भी नए केस आने के बाद बड़े पैमाने पर कोरोना के टेस्ट किए जा रहे हैं।

बीजिंग में कम से कम दो जिलों में कड़े प्रतिबंधों का ऐलान किया गया है। इसमें सबसे अधिक आबादी वाला चाओयांग शामिल है। ये शहर अपनी नाइटलाइफ़ और शॉपिंग के लिए मशहूर है। कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए कई मॉल्स को बंद करने का आदेश दिया गया है। वैसे अगर चीन के कोरोना केस को दुनिया के बाक़ी देशों से तुलना की जाए तो ये बेहद कम है। लेकिन राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कोरोना से पार पाने के लिए ज़ीरो कोविड पॉलिसी को और कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया है।



सिंगापुर में 19 वें सांगरी ला डॉयलाग में शामिल हुए अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक मामलों के मुख्य कार्यकारी।

## किम ने देश में हथियारों के निर्माण को दोगुना करने की घोषणा की

**सियोल ।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश में हथियारों के निर्माण को दोगुना करने की घोषणा करते हुए इसकी वजह एक उग्र सुरक्षा वातावरण बताया। वहीं अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारियों का कहना है कि उत्तर कोरिया एक और आसन्न परमाणु परीक्षण की तैयारी के साथ आगे बढ़ रहा है। तीन दिनों की बैठक के दौरान परमाणु कूटनीति में लंबे समय तक गतिरोध के बीच अमेरिका या प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की कोई सीधी आलोचना शामिल नहीं थी। किम ने आत्मरक्षा के संप्रभु अधिकारों के एक सही उपयोग के रूप में अपने हथियारों के विकास का बचाव कर कहा कि सशस्त्र बलों और सैन्य वैज्ञानिकों द्वारा इसको आगे बढ़ाया जाएगा।

रिपोर्ट में परमाणु विस्फोट सहित परीक्षण गतिविधि के संबंध में किसी विशिष्ट लक्ष्य या योजना का उल्लेख नहीं किया गया था। सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में देश के प्रमुख मामलों की भी समीक्षा की गई, जिसमें पिछले महीने देश में पहली बार आधिकारिक रूप से स्वीकार किए गए कोरोना के प्रकोप को कम करने के प्रयास शामिल थे।

## भारत में जले शहर पर शहर, पाकिस्तान ने कहा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने किया अत्याचार

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

पैगंबर मोहम्मद पर दिए गए बयान से जुड़े विवाद के कारण भारत के अलग-अलग हिस्सों में जुमे की नमाज के बाद बवाल देखने को मिला। पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया है। पाकिस्तान ने इस घटना की आलोचना की है। भारत में पत्थरबाजी, आगजनी की घटनाएं पाकिस्तान को शांतिपूर्ण नजर आती है। पाकिस्तान का कहना है कि जो लोग शांति से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे पुलिस ने उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारत के अलग-अलग राज्यों में भारतीय अधिकारियों ने अंधाधुंध और व्यापक रूप से क्रूर बल का इस्तेमाल किया है। रांची में दो निर्दोष मुस्लिम प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें कि रांची में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने हवाई फायरिंग की थी। इसमें दो लोग घायल हो गए थे। बाद में उनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

पाकिस्तान में भी शुक्रवार को इस घटना के चलते प्रदर्शन हुआ था। पाकिस्तान ने बयान में आगे कहा यह भारत सरकार की दमनकारी हिंदुत्व से प्रेरित बहुसंख्यकवादी नीति का एक उदाहरण है, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों को सताना है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत सरकार मुस्लिमों के खिलाफ अत्याचार कर रही है, जिसकी वह निंदा करते हैं। आगे कहा गया कि पाकिस्तान भारतीय मुस्लिमों के साथ खड़ा है। बयान में आगे कहा गया कि इस तरह की घटनाएं सांप्रदायिक हिंसा को और भी बढ़ाएंगी। पाकिस्तान ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी के मामले में भारत सरकार से एक बार भी अपील की है कि वह अपमानजनक टिप्पणी करने वालों पर एक्शन ले। इसके अलावा पाकिस्तान ने कहा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को भी इस मामले का तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और भारत को अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिमों के अधिकारों के हनन के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।


## आर्थिक संकट के दिनों में चीन के मुकाबले भारत ने की अधिक सहायता : रानिल विक्रमसिंघे

**कोलंबो (एजेंसी)।**

श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि भीषण आर्थिक संकट में चीन की तुलना में भारत ने उनके देश की अधिक मदद की है। भीषण आर्थिक संकट के विरोध में शुरू हुए विरोध-प्रदर्शन के बीच विक्रमसिंघे को श्रीलंका का प्रधानमंत्री बनाया गया था। श्रीलंका के पीएम रानिल विक्रमसिंघे ने बताया कि जब श्रीलंका की मदद करने की बात आई, तो चीन में बड़े पैमाने पर फैली लालफीताशाही ने रुकावट पैदा कर दी और इसीलिए उन्होंने भारत के साथ बातचीत पर अपना ध्यान केंद्रित किया। विक्रमसिंघे ने कहा चीन ने कुछ तरीकों से मदद की है, लेकिन बड़ी व्यवस्था नहीं हो सकी, क्योंकि हमने भारत पर ध्यान केंद्रित किया था। मुझे नहीं लगता कि उस दौरान हमें चीन और जापान से बहुत कुछ मिल सकता था। हमने भारत पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया और यह कोलंबो की गलती नहीं है, क्योंकि भारत पैसा लेकर आया और हम यही चाहते थे। सवाल यह है कि किसके यहां कम लालफीताशाही थी। उन्होंने आगे कहा मैं भारत के अन्य मंत्रियों से बात कर रहा हूं। पीएम नरेंद्र मोदी से भी बात करूंगा। वित्त और विदेश मंत्रियों के संपर्क में हूं। संकट से पहले भी एस जयशंकर से बात कर चुका हूं, जब हम अबू धाबी में मिले थे। हमने वहां लंबी बातचीत की और मैंने उनसे तभी कहा था कि संकट आना तय है।

## यूक्रेनी सेना रूसी सैनिकों की उम्मीदों पर पानी फेर रही,

### जेलेंस्की बोले- कोई नहीं जानता युद्ध कब तक चलेगा



**कीव। (एजेंसी)।**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि कोई नहीं जानता कि उनके देश में युद्ध कितने समय तक चलेगा लेकिन यूक्रेनी सेना रूसी सैनिकों का पूर्वी यूक्रेन में मुकाबला कर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर रही है। जेलेंस्की ने अपने वीडियो संबोधन में कहा कि उन्हें डोनबास क्षेत्र में रूसी सैनिकों को रोकने के लिए लड़ रहे यूक्रेन के अपने रक्षकों पर गर्व है। उन्होंने कहा, ''याद रखें कि मई की शुरुआत में उन्होंने डोनबास पर कब्जा करने की किस तरह से उम्मीद की थी।'' उन्होंने कहा कि यह युद्ध का 108वां दिन है और युद्ध की शुरुआत में, यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा करने में विफल रहने के बाद, रूस ने बड़े पैमाने पर रूसी-भाषी डोनबास के हिस्सों के अलावा देश के दक्षिणी तट पर कब्जा करने पर ध्यान केंद्रित किया।

जेलेंस्की ने कहा कि जब युद्ध का अंत दिखाई नहीं दे रहा है, तो यूक्रेन को अपनी रक्षा करने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। अलगाववादी घोषित लुहान्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के प्रमुख लियोनिद पासेचनिक ने कहा कि यूक्रेनी लड़ाके शहर के एक औद्योगिक क्षेत्र में बने हुए हैं, जिसमें एक रासायनिक संयंत्र भी शामिल है जहां नागरिकों ने रूसी गोलाबारी के चलते शरण ली थी। पासेचनिक ने शनिवार को कहा कि सिविएरोडोनेत्स्क पूरी तरह से मुक्त नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूक्रेन के सैनिक अजोट संयंत्र से शहर पर गोलाबारी कर रहे हैं।

## न्यू मैक्सिको : जंगल की आग का सामना करने के लिए बाइडन ने संघीय सहायता बढ़ाई

**सांता फे (न्यू मैसिको) (एजेंसी)।**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शनिवार को कहा कि वह न्यू मैक्सिको के लिए संघीय सहायता बढ़ा रहे हैं, क्योंकि यह राज्य अपने इतिहास में जंगलों में सबसे भयावह आग का सामना कर रहा है। आग निर्धारित मानकों के आधार पर वन सेवा द्वारा लगायी गयी थी। यह एक मानक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य दहनशील झाड़ियों को साफ करना है। हालांकि, संघीय अधिकारियों के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत से 500 वर्ग मील (1,300 वर्ग किलोमीटर) क्षेत्र में फैले सैकड़ों घरों को नष्ट करते हुए आग नियंत्रण से बाहर हो गयी। बाइडन ने सांता फे में एक आपातकालीन केंद्र की यात्रा के दौरान कहा, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि यह घटना दोबारा न हो। यहां उन्होंने स्थानीय, राज्य और संघीय अधिकारियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा, संघीय सरकार आपातकालीन प्रतिक्रिया और मलबे को हटाने की पूरी लागत का भुगतान करेगी। इस दौरान न्यू मैक्सिको की गवर्नर मिशेल लुजन ग्रिशम ने बाइडन से कहा, ''आपके प्रशासन ने शुरू से ही चुनौतियों को स्वीकार किया है और संघीय सरकार को जिम्मेदारी लेनी होगी।'' बाइडन ने कहा कि वह आग से हुए नुकसान की भरपाई प्रशासन द्वारा किये जाने के प्रस्ताव का भी समर्थन करते हैं, लेकिन इस तरह के कदम के लिए कांग्रेस की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

## सीमा विवाद पर दोस्ती की दुहाई देने लगा चीन,

### कहा- अच्छे संबंध बनाए रखना भारत और चीन दोनों के हित में है

**सिंगापुर। (एजेंसी)।**



चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंगे ने शनिवार को कहा कि चीन एवं भारत पड़ोसी हैं और आपस में अच्छे संबंध बनाए रखना दोनों देशों के हितों को पूरा करता है तथा दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। यहां शांगरी-ला डायलॉग को संबोधित करते हुए वेई ने दक्षिण चीन सागर सहित क्षेत्रीय विवादों को सुलझाने के लिए शांतिपूर्ण तरीकों का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, चीन और भारत पड़ोसी हैं तथा (आपस में) अच्छे संबंध बनाए रखना दोनों देशों के हितों को पूरा करता है। और यही वजह है कि हम इसी पर काम कर रहे हैं। भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर संघर्ष के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमने भारतीयों के साथ कमांडर स्तर पर 15 दौर की बातचीत की है और हम इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

वेई अमेरिकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन में द इंडिया प्रोजेक्ट की निदेशक डॉ तन्वी मदान के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। मदान ने मंत्री से ये बताने के लिए कहा था कि दो साल पहले पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने भारत के साथ एलएसी पर कई बिंदुओं पर यथास्थिति बदलने के लिए एकतरफा कदम क्यों उठाया था, जिसके कारण 45 वर्षों में पहली बार सैन्य संघर्ष शुरू हुआ। मदान के अनुसार ये कदम उन समझौतों के उल्लंघन थे जिन्हें भारत एवं चीन ने 25 सालों में बहुत सावधानीपूर्वक बातचीत के जरिए हासिल किये थे। भारत और चीन के सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में पांच मई 2020 से तनावपूर्ण सीमाई गतिरोध है, जब पैंगोंग झील क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प शुरू हुई थी। चीन भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलों तथा सड़कों और आवासीय इकाइयों जैसे अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण भी कर रहा है। लद्दाख गतिरोध का हल करने के लिए भारत और चीन ने अब तक 15 दौर की सैन्य वार्ता की है। वार्ता के परिणामस्वरूप, दोनों पक्षों ने पिछले साल पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिण तट एवं गोगरा क्षेत्र से अपनी सेनाएं पीछे बुला ली थीं।

## बांग्लादेश के मंत्री ने पैगंबर पर टिप्पणी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई के लिए भारत सरकार को दी बधाई

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

ढाका। बांग्लादेश के सूचना प्रसारण मंत्री डॉक्टर हसन महमूद ने भारत में पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी के मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को बधाई दी और कहा कि पैगंबर के खिलाफ किसी भी तरह के बयान की निंदा की जानी चाहिए। भारत से आए पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत में महमूद ने कहा, पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कहीं भी कुछ होता है तो उसकी निंदा की जानी चाहिए, साथ ही हम भारत सरकार को बधाई देते हैं कि उसने उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जिन्होंने पैगंबर पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में भारत में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है और उम्मीद जताई कि इसके बाद आगे की प्रक्रिया होगी। अरब समेत अन्य देशों की तरह बांग्लादेश सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर इस मामले में निंदा नहीं किए जाने के संदर्भ में महमूद ने इसे अपने देश के लिए बाहरी मामला बताया। उन्होंने कहा, ''पहली बात तो यह है कि यह आंतरिक मामला नहीं है, बल्कि एक बाहरी मामला है। यह भारत का आंतरिक मामला है। दुनिया में कहीं भी कुछ होता है तो कुछ इस्लामी पार्टियां यहां प्रदर्शन करती हैं और ऐसा आमतौर पर होता है।'' महमूद ने कहा कि लेकिन यहां बांग्लादेश में यह उस तरह का ध्यान खींचने वाला मुद्दा नहीं है, जिस तरह यह अरब देशों, पाकिस्तान और मलेशिया के लिए है।

कट्टरपंथी तत्वों द्वारा प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार पर इस मामले में समझौता करने का आरोप लगाये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, ''पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी के मामले में बांग्लादेश सरकार कोई समझौता नहीं कर रही है और न ही कभी करेगी। मैंने खुद इसकी निंदा की है। सार्वजनिक बैठक में इस मामले में निंदा की। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने पैगंबर पर टिप्पणी के मामले में भाजपा की निलंबित नेता नुपुर शर्मा और पार्टी से निष्कासित नवीन कुमार जिंदल समेत कुछ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। महमूद ने कहा कि बांग्लादेश में कुछ फैनेटिक (कट्टर) समूह हैं जो संख्या में बेहद कम होने और किसी तरह का समर्थन हासिल नहीं होने के बावजूद जोरदार तरीके से आवाज उठाते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार इनकी कही बात भारत में मीडिया का ध्यान खींचने में कामयाब रहती है और ऐसा ही कुछ यहां बांग्लादेश में भी होता है। बांग्लादेश के मंत्री ने कहा कि इसी तरह भारत में नेताओं द्वारा घरेलू राजनीति के चलते बांग्लादेश और इसके लोगों के खिलाफ दिए गए बयान यहां सुर्खियां पा जाते हैं। मंत्री ने कहा कि भारत में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र या अहमदाबाद के किसी दूरदराज इलाके में किसी नेता का बयान यहां कई बार सुर्खियां बन जाता है। उन्होंने कहा कि यहां कुछ समाचार पोर्टल उसे ऐसे प्रदर्शित करते हैं कि वह मुद्दा बन जाए। उन्होंने कहा कि कई दोयम दर्जे के अखबार भी इसमें उनका साथ देते हैं जिनका मकसद सिर्फ गलत छवि पेश करना होता है। पिछले दिनों भारत के गृहमंत्री द्वारा बांग्लादेश के लोगों के लिए की गयी एक टिप्पणी के संदर्भ में महमूद ने कहा कि घरेलू राजनीति के चलते ऐसे बयान दिए जाते हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे भारत के साथ बेहद प्रगाढ़ संबंध हैं और हम यह समझते हैं आंतरिक राजनीति के कारण नेता कई तरह की बातें कहते हैं।



ऐसे भाषणों को लेकर हम किसी तरह की सफाई की अपेक्षा नहीं रखते।'' महमूद ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते कितने गहरे हैं, इसका एक उदाहरण है कि महामारी के समय में भारत सरकार ने ढाका को 110 एंबुलेंस उपलब्ध कराईं। महमूद ने दावा किया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश ने बहुत विकास किया है और उसकी प्रगति उल्लेखनीय है।उन्होंने कहा कि सामाजिक, आर्थिक और मानव सूचकांक के मामले में बांग्लादेश की स्थिति पाकिस्तान से कहीं बेहतर है।

## नोटिस के बाद मंगलुरु में कक्षा में बिना हिजाब के आई मुस्लिम छात्रा

मंगलुरु। ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर नोटिस मिलने के बाद मंगलुरु के विश्वविद्यालय कॉलेज में एक मुस्लिम छात्रा बिना हिजाब पहने कक्षा में शामिल हुई। कॉलेज प्रधानाचार्य अनसूया राय ने कहा कि हिजाब के खिलाफ आदेश का उल्लंघन करने के लिए तीन छात्राओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि दो लड़कियों ने स्पष्टीकरण दिया था जबकि तीसरी छात्रा ने अभी तक नोटिस का जवाब नहीं दिया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि नोटिस का जवाब देने वाली एक छात्रा शनिवार को कक्षा में शामिल हुई। कक्षा में विनायक दामोदर सावरकर की तस्वीर टांगने वाले कुछ छात्रों को लेकर 10 जून को छात्रों के दो समूहों के बीच झड़प के बारे में पूछे जाने पर, राय ने कहा कि कॉलेज के अधिकारियों ने घटना से संबंधित कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इस बीच, पुलिस ने दोनों छात्र समूहों की शिकायत के आधार पर झड़प के मामले में कॉलेज के छह छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 15 मार्च को मुस्लिम छात्राओं के एक समूह द्वारा दायर उन याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिनमें कक्षा के अंदर हिजाब पहनने की अनुमति मांगी गई थी। अदालत की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि स्कूल की ड्रेस के निर्धारण पर छात्र आपत्ति नहीं कर सकते।

## भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बद्रीनाथ और केदारनाथ के दर्शन किए

देहरादून। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे रविवार को अपने परिवार के साथ बदरीनाथ और केदारनाथ पहुंचे तथा भगवान के दर्शन किए। जनरल पांडे सुबह पहले केदारनाथ धाम पहुंचे और भगवान शिव के दर्शन किए, जहां मंदिर के पुजारी टी गंगाधर लिंग ने उन्हें भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। इस दौरान उनके साथ सेना के अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके बाद दोपहर को सेनाध्यक्ष बदरीनाथ पहुंचे और भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी भी उनके साथ मौजूद रहे। इस मौके पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने उनकी अगवानी की जबकि समिति के मुख्यकार्याधिकारी बी डी सिंह ने उन्हें भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया।

## आज ईडी के सामने राहुल गांधी की पेशी, एजेंसी के 25 कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे एवं सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नोटिस जारी करने के मद्देनजर, कांग्रेस के नेता तथा 13 जून को देश भर में जांच एजेंसी के 25 कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने इसकी जानकारी दी। पटोले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर सोनिया और राहुल गांधी को एक झूठे मामले में फंसाने के लिए षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर ने आरोप लगाया कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सोनिया और राहुल के खिलाफ बदला लेने की राजनीति कर रही है। उन्होंने ''केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके विपक्ष को चुप कराने की केंद्र सरकार की चाल के तहत, ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी को फर्जी मामले में फंसाकर नोटिस जारी किया है। भाजपा के इस तानाशाही वाले रवैये के विरोध में ईडी कार्यालयों के सामने प्रदर्शन होगा। गौरतलब है कि निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक नया समन जारी कर नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 23 जून को पूछताछ लिए पेश होने को कहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। गांधी (75) को पहले 8 जून को पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन कोरोना से संक्रमित होने के कारण उन्होंने पेशी के लिए ईडी से नए तारीख की मांग की थी। अधिकारियों ने कहा है कि सोनिया गांधी को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए 23 जून की तारीख दी गई है। जहां मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया जाएगा।

## बंगाल बीजेपी नेता को आपत्तिजनक फेसबुक पोस्ट के आरोप में गिरफ्तार किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नूपुर शर्मा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। मुर्शिदाबाद में सैकड़ों लोग स्टेट हाईवे को जाम करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि पुलिस हाईवे को मुक्त कराने में कामयाब रही। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। वहीं, बंगाल पुलिस ने पश्चिम मिदनापुर के बेल्दा इलाके में बंगाल बीजेपी के एक नेता को उनकी आपत्तिजनक फेसबुक पोस्ट के आरोप में गिरफ्तार किया है। बेल्दा क्षेत्र के भाजपा नेता चंदन जाना ने नुपुर शर्मा विवाद पर फेसबुक पर टिप्पणी की थी। पुलिस ने हिंसा के मद्देनजर भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी को हावड़ा जिले में जाने से मना कर दिया है। कांथी पुलिस स्टेशन ने अधिकारी को लिखा कि पुलिस को सूचना थी कि शुभेंदु के हावड़ा जाने की संभावना है। पत्र में लिखा है, 'चूंकि जिले में धारा 144 लागू है, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भी आपकी सुरक्षा व्यवस्था के बारे में उल्लेख किया है, इसलिए आपको वहां न जाने की सलाह दी जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि पुलिस पिछले शुक्रवार को रांची में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन में बाहरी तत्वों की संलिप्तता की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि एक हफ्ते पहले सहारनपुर से 12 लोग रांची पहुंचे और पैगंबर मुहम्मद पर नूपुर शर्मा के बयान पर मुस्लिम युवकों से चर्चा की। इन लोगों ने कथित तौर पर युवाओं को विरोध प्रदर्शन का रोडमैप बनाने का काम सौंपा।

## पूर्व भाजपा नेता नवीन कुमार जिंदल की लोगों से अपील मेरे पता सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करे, कट्टरपंथियों द्वारा हमला करने का खतरा

नई दिल्ली । पैगंबर मुहम्मद पर अपनी टिप्पणी को लेकर पार्टी से निष्कासन झेल रहे पूर्व भाजपा नेता नवीन कुमार जिंदल ने कहा है कि उनके परिवार पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमला किए जाने का खतरा है। जिंगल ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि मेरा सभी से पुन: विनम्र निवेदन है कि मेरी और मेरे परिवार के सदस्यों की किसी भी प्रकार की जानकारी किसी से भी साझा ना करें। मेरे निवेदन करने पर भी कई लोगों मेरे निवास का पता सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे है। क्योंकि इस्लामिक कट्टरपंथियों से मेरे परिवार की जान को खतरा है। जिंदल ने एक नंबर का स्क्रीनशॉट साझा किया, जहां से उन्होंने धमकी मिलने का दावा कर दिल्ली पुलिस से कार्रवाई करने का आग्रह किया। पैगंबर मुहम्मद पर उनकी टिप्पणी के लिए जिंदल को पिछले हफ्ते भाजपा ने निष्कासित कर दिया था। जिंदल पार्टी की दिल्ली इकाई के पूर्व प्रमुख है। उन्होंने खुद को एक 'गर्वित हिंदू' के रूप में वर्णित कर कहा है कि इस समय उनकी प्राथमिक चिंता अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बता दें कि जिंदल के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा करते हुए दिल्ली भाजपा प्रमुख आदेश गुप्ता के पत्र में कहा गया है कि उनकी टिप्पणी ने सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ा है और यह पार्टी के मौलिक विश्वासों का उल्लंघन है। गुप्ता ने कहा, 'आपकी प्राथमिक सदस्यता तुरंत समाप्त कर दी जाती है और आपको पार्टी से निकाल दिया जाता है।

## बाथरूम में मृत पाई गईं प्रख्यात फैशन डिजाइनर प्रत्यूषा गारिमेला, पुलिस को खुदकुशी करने का संदेह

मुंबई । देश की टॉप फैशन डिजाइनर्स में गिनी जाने वाली प्रत्युषा गारिमेला की संदिग्ध परिस्थितियों में हैदराबाद में मौत हो गई है। वह शनिवार को हैदराबाद के बजारा हिल्स अपार्टमेंट में मृत पाई गईं। प्रत्युषा गारिमेला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने उनके बेडरूम से जहरीली गैस कार्बन मोनोऑक्साइड का सिलेंडर बरामद किया है। उनकी मौत की जानकारी उनके परिवार को दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक, 35 साल की फैशन डिजाइनर प्रत्युषा गारिमेला बंजारा हिल्स में रहती थीं। शनिवार 11 जून की दोपहर जब उन्होंने सिक्योरिटी चेक का कोई जवाब नहीं दिया तो उनके गार्ड्स ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा न खुलने पर पुलिस दरवाजा तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुई, जहां डिजाइनर का शव बाथरूम में पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उस्मानिया हास्पिटल में पोस्टमार्टम कराया । फैशन डिजाइनर के निधन की जानकारी दिल्ली में रहने वाले उनके रिश्तेदारों को दे दी गई है। प्रत्यूषा नाम से उनका फैशन ब्रांड काफी प्रसिद्ध है। पुलिस को उनके बेडरूम से कार्बन मोनोऑक्साइड की बोतल मिली है, उससे वह अंदाजा लगा रही है कि मामला सुसाइड का भी हो सकता है। पुलिस के अनुसार प्रत्युषा ने बाथरूम में कोयला और स्टीम ली थी। पुलिस फिलहाल कुछ भी कहने से बच रही है। पुलिस का कहना है कि ऑटोप्सी रिपोर्ट सामने आने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकेगा। कहा जा रहा है कि पिछले कुछ समय से प्रत्यूषा गहरे डिप्रेशन में थीं और उनका उपचार चल रहा था। हालांकि, अभी इस बारे में कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। प्रत्यूषा का खुद का फैशन लेबल 'प्रत्युषा गरिमेला' के नाम से कपड़ों का ब्रांड है, जिसका फ्लैगशिप स्टोर हैदराबाद, मुंबई में हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस, परिणीति चोपड़ा। माधुरी दीक्षित, विद्या बालन, रवीना टंडन, नेहा धूपिया, नुसरत भरूचा, जूही चावला के साथ बालीवुड की कई अन्य नामी अभिनेत्रियां उनके डिजाइन किए कपड़ों का इस्तेमाल करती हैं।

# पीएम मोदी ने पिछले आठ वर्षों में दुनिया में भारत का सम्मान पुन: स्थापित किया : शाह

दीव (एजेंसी)।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पिछले आठ वर्षों में दुनिया में भारत का सम्मान पुनर्स्थापित किया है। शाह ने आईएनएस खुखरी युद्ध स्मारक सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में लोगों को कोविड-19 का टीका लगवाने के तीन सेकंड के भीतर प्रमाण पत्र मिल गया, जबकि विकसित देशों में भी लोगों को समय पर अपना कोविड-19 टीकाकरण प्रमाण पत्र लेने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

उन्होंने कहा, कई देश पूछ रहे हैं, कि प्रधानमंत्री ने कैसे प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया, जिसके जरिए 130 करोड़ लोगों ने बिना किसी अव्यवस्था के कोरोना टीकों की दोनों खुराक लगवा लीं और देश कोरोना से मुक्त हुआ। गृहमंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 58 साल के शासन के दौरान गरीबी हटाने के नाम पर गरीबों को हटाया, जबकि मोदी ने पिछले आठ साल में गरीबी दूर करने के लिए काम किया।

शाह ने 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने यह सुनिश्चित किया कि महामारी की दूसरी लहर के दौरान केवल 45 दिन में चिकित्सकीय ऑक्सीजन का उत्पादन दस गुना बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा, अब यदि 50 साल बाद भी कोई वैश्विक महामारी आती है, तब एक लीटर ऑक्सीजन भी विदेश से नहीं लेनी पड़ेगी ... 'पीएम केयर' के माध्यम से मोदी ने स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है और प्रत्येक गांव को आत्मनिर्भर बनाया है। शाह ने केंद्र सरकार द्वारा युवाओं के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा, पहले (खेल में) मात्र एक पदक जीतने पर भी पूरा देश जश्न मनाता था। आज, भारत 10 से कम पदक जीतने के बारे में नहीं सोचता, चाहे वह पैरालिंपिक हो या ओलंपिक। उन्होंने कहा, वह दिन दूर नहीं है, जब भारत पदक तालिका में दुनिया के शीर्ष पांच में शामिल होगा। शाह ने कहा कि सरकार ने सड़क और रेलवे संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने यह सुनिश्चित किया है कि दादरा एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण और शहरी गरीबों को मुफ्त राशन, घर, जलापूर्ति, मुद्रा ऋण, विधवा पेंशन और अन्य सुविधाएं मिल सकें। शाह ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के लिए लागू की गई नीतियों का भी जिक्र किया।

## कोरोना संक्रमित सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में हुई भर्ती

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें इलाज के लिए दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाल ही में उन्हें कोरोना हुआ था। जिसके बाद सोनिया गांधी ने खुद को होम आइसोलेट किया था। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोनिया गांधी की सेहत संबंधित जानकारी देते हुए ट्वीट करते हुए बताया कि कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को कोविड से संबंधित दिक्कतों के चलते आज गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। है। उनका कहना है कि उनकी हालत स्थिर है और उन्हें अस्पताल में निगरानी के लिए रखा जाएगा। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को आज कोविड से संबंधित समस्याओं के कारण गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी हालत स्थिर है और उसे निगरानी के लिए अस्पताल में रखा जाएगा। हम सभी कांग्रेस के लोगों के साथ-साथ सभी शुभचिंतकों को उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हैं।



# एक जुलाई से राष्ट्रीय राजधानी में बैन हो जाएंगे प्लास्टिक के 19 आइटम

नई दिल्ली (एजेंसी)।




एक जुलाई से राजधानी में 19 तरह के सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से रोक लगने जा रही है। इसके अलावा लोगों को अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल में कमी करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण को ही नहीं व्यक्ति के शरीर को भी नुकसान पहुंचाता है। इसलिए लोगों को इसके बारे में पर्याप्त जागरुक करना जरूरी है। प्लास्टिक को लेकर टॉक्सिक लिंक की एक स्टडी 2019 में सामने आई थी। जिसमें बताया गया था कि राजधानी में इस्तेमाल होने वाला ज्यादातर सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट (कचरा) इन्फॉर्मल सेक्टर (रीसाइकलिंग प्लांट की जगह अन्य जगहों पर पहुंचने वाले कचरे) में जा रहा है। कई प्लास्टिक ऐसे हैं, जिन्हें कोई लेने को तैयार नहीं है। इनमें खाने के सामानों के पैकेट, नूडल्स के पैकेट, बिस्किट और चिप्स के मल्टी लेयर पैकेट आदि शामिल हैं। इस प्लास्टिक कचरे का दोबारा इस्तेमाल करना व्यवहारिक नहीं है। इसलिए यह राजधानी की लैंडफिल साइटों पर ही ठिकाने लगाया जाता है। सर्वे में पाया गया कि रिसाइकलिंग प्लांट दवाइयों और बिस्किट की पैकिंग के पाउच और ट्रे लेने के लिए भी तैयार नहीं होते। इनका महज 20 फीसदी हिस्सा ही रिसाइकलिंग प्लांट तक पहुंचता है। स्टडी में बताया गया था कि राजधानी के सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट में शैंपू, बॉडी वॉश, पेन, पेट बॉटल, ट्यूब्स आदि की मात्रा काफी अधिक है। टॉक्सिक लिंक के अनुसार, प्लास्टिक लैंडफिल साइट में पड़े-पड़े मिट्टी, पानी आदि को प्रदूषित कर रही है। वहीं, विकल्प के तौर पर स्टील, गिलास, सिरेमिक, बांस को अपनाया जा सकता है। सीईएस के डिप्टी प्रोग्राम मैनेजर सिद्धार्थ घनश्याम सिंह के अनुसार इस बार जो नोटिफिकेशन हुआ है, वह केंद्र सरकार की तरफ से जारी किया गया है। पहली बार केंद्र सरकार की तरफ से इस तरह का प्रयास किया गया है। अभी तक इस तरह के नोटिफिकेशन स्टेट गवर्नमेंट जारी कर रही थी। दूसरी बात यह है कि जिन आइटम्स पर रोक लगाने की तैयारी है, उन आइटम्स क पहचान भी स्टडी के आधार पर की गई है। यह भी पहली बार हुआ है। ग्राउंड पर इसका असर देखने के लिए कम से कम एक से दो साल लग सकते हैं। एनफोर्समेंट इसमें अहम भूमिका निभाएगा। आने वाले समय में ऐसी और चीजें पहचाननी होंगी और इन पर भी रोक लगानी होगी। फैक्ट्री वालों का सबसे अहम रोल होगा। लोगों को बताना पड़ेगा कि ये चीजें कितना नुकसान कर रही हैं। फैक्ट्री वालों को ऑप्शन देने होंगे कि वह दूसरी चीजें बनाएं। जैसे कि निश्चित मोटाई के कैरी बैग। प्लास्टिक की डंडियों वाले ईयर बड, बलून स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, लॉलीपॉप की डंडी, आइसक्रीम की डंडी, थर्माकोल के सजावटी सामान, प्लेट्स, कप, गिलास कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे, मिठाई के डिब्बे पर लगने वाली पन्नी, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक और पीवीसी बैनर आदि।

## मुस्लिम धर्मगुरु आदिल गफूर ने नूपुर शर्मा का सिर कलम करने का किया आह्वान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)।

पैगंबर मोहम्मद के बारे में कथित तौर पर विवादास्पद टिप्पणी करने को लेकर दिल्ली की जामा मस्जिद के बाहर एवं कुछ राज्यों में भी प्रदर्शन हुए। पथराव में कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए और सुरक्षा बलों को कुछ स्थानों पर लाठी चार्ज करने, आंसू गैस के गोले छोड़ने और हवा में गोलियां चलानी पड़ी। जम्मू में अधिकारियों ने कुछ इलाकों में कर्फ्यू लगाया और कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में बंद जैसी स्थिति रही। बीजेपी से निलंबित नुपुर शर्मा को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाले मुस्लिम धर्मगुरु आदिल गफूर गनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डोडा जिले के भद्रवाह में आदिल गफूर ने बेहद भड़काऊ भाषण दिया था। उन्होंने नुपुर शर्मा का सिर कलम करने का आह्वान किया था।

भद्रवाह शहर में आदिल गफूर गनी द्वारा दिए गए भड़काऊ बयान और एक हिंदू युवक द्वारा पैगंबर के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट के बाद एहतियात के तौर पर कर्फ्यू लगाया गया है। जबकि कश्मीर के कुछ हिस्सों में बंद जैसी स्थिति रही। अधिकारियों ने बताया कि भद्रवाह और किश्तवाड़ कस्बे तथा कश्मीर के श्रीनगर शहर में एहतियाती उपाय के तहत इंटरनेट सेवाएं स्थगित कर दी गई। मोबाइल इंटरनेट भी कश्मीर के कुछ हिस्सों में बंद कर दिया गया। भद्रवाह कस्बे से पथराव की छिटपुट घटनाओं की खबरें हैं।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पैगंबर के बारे में विवादित बयान देने वाले अपने दोनों नेताओं को निलंबित कर चुकी है। दिल्ली में, जामा मस्जिद के बाहर और अन्य स्थानों पर ज्यादातर प्रदर्शन जुमे की नमाज के बाद हुए तथा पुलिस ने कई गिरफ्तारियां भी कीं।

## पैगंबर विवाद- इस्लामिक देशों के साथ भारत के संबंधों पर खतरा, थरूर बोले- इस्लामोफोबिया की घटनाओं पर पीएम तोड़ें चुप्पी

देहरादून (एजेंसी)।



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा कि यह विडंबना है कि भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में इस्लामिक देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए ÷प्रभावशाली कदम÷ उठाए, लेकिन अभद्र भाषा के प्रसार से उन संबंधों को गंभीर खतरा है। एक साक्षात्कार में कांग्रेस सांसद ने कहा कि पीएम मोदी को देश में इस्लामोफोबिक घटनाओं पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए क्योंकि कुछ लोगों द्वारा उनकी चुप्पी की व्याख्या की जा रही है कि क्या हो रहा है। कांग्रेस नेता की ओर से पूर्व भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा की पैगंबर मुहम्मद पर टिप्पणी पर भारत को मुस्लिम देशों से भारी प्रतिक्रिया का सामना करने के बाद यह टिप्पणी आई है।

शशि थरूर ने कहा कि किसी भी और सभी अपराधियों के खिलाफ अनुकरणीय कार्रवाई का भविष्य में ऐसे मामलों को कम करने में लाभकारी प्रभाव पड़ेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने देश में ईशनिंदा कानूनों की आवश्यकता पर चल रही बहस की भी बात की और कहा कि वह ऐसे कानूनों को पसंद नहीं करते क्योंकि दूसरे देशों में इन कानूनों का इतिहास इसके दुरुपयोग के मामलों से भरा पड़ा है। थरूर ने कहा, ईशनिंदा कानून से उन लोगों को मनगढ़ंत मुकदमेबाजी और लोगों को बहकाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है, जो कानून को अपने हाथ में लेते हैं।

# आत्मनिर्भर भारत: 114 लड़ाकू विमान खरीदेगी वायुसेना, 96 का भारत में ही होगा निर्माण

नई दिल्ली। (एजेंसी)।



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा आत्मानिर्भर भारत योजना के तहत रक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सैन्य योजना हो अमली जामा पहनाए जाने पर काम हो रहा है। जिसके तहत भारतीय वायु सेना 114 लड़ाकू जेट खरीदने की योजना बन रही है। जिसमें से 96 का निर्माण भारत में ही होगा। जबकि शेष 18 विदेशी विक्रेता से आयात किए जाएंगे। भारतीय वायु सेना की 'बाय ग्लोबल एंड मेक इन इंडिया' योजना के तहत 114 मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट प्राप्त करने की योजना है, जिसके तहत भारतीय कंपनियों को एक विदेशी विक्रेता के साथ साझेदारी करने की अनुमति होगी।

सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि हाल ही में भारतीय वायु सेना ने विदेशी विक्रेताओं के साथ बैठक की और उनसे मेक इन इंडिया परियोजना को अंजाम देने के तरीके के बारे में पूछा। सूत्रों ने बताया कि योजना के मुताबिक शुरुआती 18 विमानों के आयात के बाद अगले 36 विमानों का निर्माण देश के भीतर किया जाएगा और भुगतान आंशिक रूप से विदेशी मुद्रा और भारतीय मुद्रा में किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि अंतिम 60 विमान भारतीय साझेदार की मुख्य जिम्मेदारी होगी और सरकार केवल भारतीय मुद्रा में भुगतान करेगी।

सूत्रों ने कहा कि भारतीय मुद्रा में भुगतान से विक्रेताओं को परियोजना में 60 प्रतिशत से अधिक 'मेक-इन-इंडिया' सामग्री हासिल करने में मदद मिलेगी। बोइंग, लॉकहीड मार्टिन, साब, मिग, इरकुत कॉर्पोरेशन और डसॉल्ट एविएशन सहित वैश्विक विमान निर्माताओं के निविदा में भाग लेने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना को पड़ोसी प्रतिद्वंद्वियों पाकिस्तान और चीन पर अपनी श्रेष्ठता बनाए रखने के लिए इन 114 लड़ाकू विमानों पर बहुत अधिक निर्भर रहना पड़ता है। आपातकालीन आदेशों के तहत खरीदे गए 36 राफेल विमानों ने 2020 में शुरू हुए लद्दाख संकट के दौरान चीनियों पर बढ़त बनाए रखने में काफी मदद की, लेकिन संख्या पर्याप्त नहीं है और इसके लिए ऐसी अधिक क्षमता की आवश्यकता होगी।

# पंजाब के बाद गुजरात की ओर बढ़े केजरीवाल, विधानसभा चुनाव में विपक्ष के मतों का बंटवारा कर सकती है आप

अहमदाबाद। (एजेंसी)।

गुजरात में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में एक ओर जहां आम आदमी पार्टी (आप) स्वयं को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विकल्प के तौर पर मुख्य दावेदार के रूप में देख रही है, वहीं कांग्रेस और राजनीतिक विशेषज्ञों को लगता है कि पार्टी विपक्ष के मतों को विभाजित करेगी, जिससे भाजपा को फायदा होगा। कांग्रेस ने यह भी दावा किया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी गुजरात में भाजपा की 'बी-टीम' है। गुजरात के 182 सदस्यीय विधानसभा का चुनाव इस साल दिसंबर में होना है।

प्रदेश में पिछले दो दशक से भाजपा का शासन है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अब तक भाजपा का विकल्प नहीं बन पायी है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की जबरदस्त जीत के बाद से पिछले तीन महीने में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चार बार गुजरात आये हैंजबकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को छोड़ कर कोई केंद्रीय नेता यहां नहीं आया है। राहुल पिछले दो महीने में एक बार यहां आये हैं। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक के मुताबिक, हम जहां भी चुनाव लड़ते हैं, वैज्ञानिक तरीका अपनाते हैं।

हमने अन्य राज्यों में इस आधार को अपनाया है और गुजरात में भी वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया है। हमारे आंतरिक सर्वेक्षण के अनुसार, हम आज की तारीख में कुल 58 सीटें जीतेंगे। हालांकि, राजनीतिक पर्यवेक्षक हरि देसाई ने कहा, आम आदमी पार्टी विपक्ष के मतों को विभाजित करेगी जिससे अंतत- कांग्रेस के खिलाफ भाजपा को फायदा पहुंचेगा। गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीश दोशी ने दावा किया कि आप भाजपा की बी-टीम है। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों ने कभी भी तीसरे विकल्प को मंजूरी नहीं दी है, चाहे वह चिमनभाई पटेल का किसान मजदूर लोक पक्ष (केआईएमएलओपी) हो, भाजपा के बागी शकंरसिंह वाघेला की राष्ट्रीय जनता पार्टी (आरजेपी) हो या केशुभाई पटेल की गुजरात परिवर्तन पार्टी (जीपीपी) हो।

दोशी ने दावा किया कि आप को गुजरात के लोग खारिज कर देंगे। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक दिलीप गोहिल ने कहा, आप एक वैकल्पिक एजेंडा वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में सूरत और गांधीनगर समेत कुछ अन्य नगर पालिकाओं में हुए निकाय चुनावों में पार्टी ने लगभग 18 से 20 प्रतिशत मत हासिल किये हैं। गोहिल ने कहा कि आपके पास इस साल गुजरात विधानसभा चुनाव में एक राजनीतिक ताकत के रूप में उभरने का एक वास्तविक मौका है। उन्होंने बताया कि आप अब तक अपने अभियान को गति देने में सफल रही है। आप के पंजाब से राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने कहा कि पार्टी के सर्वेक्षण के अनुसार, ग्रामीण गुजरात के लोगों की राय है कि कांग्रेस भाजपा को नहीं हरा सकती।



उन्होंने दावा किया, ''ग्रामीण गुजरात के कांग्रेसी मतदाता हमारा समर्थन कर रहे हैं। उसी तरह शहरी निम्न मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग के मतदाता भी बदलाव चाहते हैं और हमारा समर्थन कर रहे हैं। आप के प्रदेश प्रवक्ता योगेश जडवानी ने कहा कि विपक्षी कांग्रेस के पास गुजरात के लिए कोई विजन नहीं है। उन्होंने दावा किया, ''कांग्रेस पर पांच-छह नेताओं का नियंत्रण है, जिनमें से प्रत्येक के अपने समूह हैं। वह लोग आपस में लड़ रहे हैं। वह नए चेहरों को भी सामने नहीं आने देते हैं। इसलिए, लोग हमें गुजरात में भाजपा के विकल्प के तौर पर मुख्य दावेदार के रूप में वोट देंगे।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# आप ने इसुदान गढ़वी और इंद्रनील राज्यगुरु को राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव नियुक्त किया

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

आम आदमी पार्टी (आप) ने आज पार्टी के गुजरात प्रदेश के नए संगठन का ऐलान कर दिया। पत्रकारिता क्षेत्र से सक्रिय राजनीति में आए




इसुदान गढ़वी और कांग्रेस छोड़ आप में शामिल हुए पूर्व विधायक इंद्रनील राज्यगुरु को राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव नियुक्त किया है। सागर रबारी को आप का गुजरात प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा 850 जितने पदाधिकारियों को अलग अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। बता दें कि आप ने हाल ही में पार्टी के प्रदेश संगठन विसर्जन कर नए संगठन के गठन का फैसला किया था। इसी साल दिसंबर में होनेवाले गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। गुजरात में खस्ताहाल हो चुकी कांग्रेस की जगह लेने का आम आदमी पार्टी का प्रयास है और इसमें सफलता हासिल करने के लिए वह पूरा जोर लगा रही है। आज आम आदमी पार्टी के गुजरात प्रभारी डॉ. संदीप पाठक ने पत्रकार परिषद में पार्टी के नए प्रदेश संगठन की घोषणा की। जिसमें 850 जितने कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बनाया गया है। नए संगठन में इसुदान गढवी और इंद्रनील राज्यगुरु को राष्ट्रीय टीम में स्थान दिया गया है। इससे पहले गुजरात के 182 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों परिवर्तन यात्री की थी, जिसे जनता का अच्छा प्रतिसाद मिला है। उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता आम आदमी पार्टी की ओर उम्मीदभरी नजरों से देख रही है और नए विकल्प की तलाश में है। राज्य के 10 हजार जितने गांवों में जन संवाद हुआ है और जनता बदलाव चाहती है। संदीप पाठक ने बताया कि 30 हजार से अधिक लोग आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं। ऐसे में परिवार बढ़ेगा तो संगठन बढ़ाना ही पड़ेगा। गौरतलब है कि हाल ही में आम आदमी पार्टी ने गुजरात प्रदेश प्रमुख को छोड़ पूरा संगठन विसर्जित कर दिया था। जिसमें प्रदेश संगठन से लेकर नगर पालिका, तहसील और जिला पंचायत संगठन शामिल है।

# कांग्रेस आपराधिक मामले को राजनीतिक बनाने का प्रयास कर रही है : सीआर पाटील

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत, नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को समन जारी कर जवाब तलब किया है। जिसे लेकर देशभर में राजनीति गरमा गई है और कांग्रेस जगह जगह पत्रकार परिषद कर भाजपा पर बदले की राजनीति का आरोप लगा रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेडा ने इस मुद्दे को लेकर अहमदाबाद में पत्रकार परिषद की, जिसमें उन्होंने कहा कि बदलाव का नाम लेकर सत्ता पाने वाली भाजपा अब बदले की राजनीति कर रही है। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि ईडी के नोटिस से सोनिया गांधी और राहुल गांधी बुरी तरह से डर गए हैं और आपराधिक मामले को राजनीतिक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। गुजरात प्रदेश



भाजपा प्रमुख सीआर पाटील ने आज सूरत में पत्रकार परिषद में आरोप लगाया कि यह वह लोग जिन्होंने देश की संपत्ति लूटी है और अब उसे छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। देश के करोड़ों रुपए हड़पने के बाद अब ईडी के पास जवाब देने के बजाए देश के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। जबकि इस मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों ही जमानत पर हैं। पाटील ने कहा कि इस केस में जिस प्रकार कंपनी बनाई है और उसमें शेयर होल्डर्स से पूछे बगैर शेयर ट्रांसफर किए थे। जिसमें कई लोग तो जीवित भी नहीं हैं। नेशनल हेराल्ड के इस मामले में कई लोगों ने अपने जवाब दर्ज करवा दिए हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी ईडी ने एक अवसर दिया है, लेकिन अब कांग्रेस इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा प्रमुख ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने 9-9 घंटे तक ईडी के सामने बैठकर जवाब दिए थे, क्योंकि वह पूरी ईमानदार थे। कांग्रेस जब कभी भी फंसती है तो उसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि ईडी स्वतंत्र एजंसी है और वह मामले की जांच कर रही है, इसमें सरकार का कोई हाथ नहीं है। इसके बावजूद कांग्रेस इस मामले को लेकर ईडी पर दबाव बनाने का प्रयास कर रही है। पाटील ने बताया कि इस मामले में दोनों नेताओं ने करोड़ों रुपए हड़पने का प्रयास किया था जो निष्फल होने जा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस इस आपराधिक मामले को राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने देश की संपत्ति लूटी है, इसलिए वह डर रही है। सीआर पाटील ने कहा कि कांग्रेस आखिर इतना क्यों डर रही है, इसका जवाब पूरे देश की जनता को देना चाहिए।

# गुजरात के कई जिलों में मॉनसून की दस्तक, अमरेली में लगातार पांचवें दिन बारिश

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

रविवार को गुजरात के कई जिलों में मॉनसून ने दस्तक दे दी है। अमरेली, सूरत, पंचमहल और भावनगर समेत कई जिलों में बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सौराष्ट्र के अमरेली में आज लगातार पांचवें दिन बारिश हुई। रविवार को दक्षिण गुजरात के 6 जिलों में बारिश हुई है। छोटाउदेपुर, नर्मदा, नवसारी, तापी, वलसाड और डांग में बारिश हुई है। डांग जिले के सुबीर में 2.25 ईंच बारिश होने की खबर है। जबकि आहवा में 16 मिमी बारिश हुई। वलसाड जिले के धरमपुर और कपराडा में भी बारिश हुई है। जामनगर के कालावाड में एक ईंच बारिश होने की खबर है। सौराष्ट्र के गिर सोमनाथ, जूनागढ़, अमरेली और सुरेन्द्रनगर में बारिश ने दस्तक दे दी है। दाहोद जिले में बारिश की धमाकेदार एन्ट्री हुई है। आज दाहोद में शाम 4 से 6 बजे के दौरान 25 मिमी, झालोद में 30 मिमी, फतेपुरा में 12 मिमी, सिंगवडा में 7 मिमी, देवगढ़ बारिया में 5 मिमी, गरबाडा में 5 मिमी बारिश होने की खबर है। शनिवार शाम अहमदाबाद के चांदखेडा समेत कई इलाकों में बारिश हुई थी। आज अहमदाबाद के एसजी हाईवे, राणीप, वस्त्रापुर समेत शहर के पूर्वी क्षेत्र निकोल, बापूनगर इत्यादि में छुटपुट बारिश हुई। गुजरात में बारिश के आगमन से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। ज्यादातर किसानों ने खेतों की जुताई समेत कृषि कार्य शुरूकर दिए हैं।

# यह विभाग के द्वारा किया गया डिमोलिशन हैं या सेटिंग.com

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

SUDA की महेरबानी या लापरवाही से इस कार्यपर नजरअंदाज करते हुए अधिकारीगण अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर विभाग के कोष को हानि पहुचने संबंधित कार्यवाही भारतीय दंड सहित के अनुसार विभाग के उच्च अधिकारीगण को करना चाहिए. जिससे भष्टाचार की इस दलदल में कार्यालय में कुछ लगाम लगा सके.



# गुजरात में चुनाव लड़ेगी एआईएमआईएम, सीटों की संख्या पर बाद में किया जाएगा विचार : ओवैसी

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

कच्छ,इस साल दिसंबर में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीति दलों के बीच हलचल तेज़ हो गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने भी चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। हालांकि पार्टी ने सीट की संख्या को लेकर अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को चुनावी अखाड़े में उतरने की बात कही।

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि अहमदाबाद और सूरत में नगर निगम चुनावों के बाद से एआईएमआईएम विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। गुजरात के भुज में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, ओवैसी ने कहा हम गुजरात विधानसभा चुनाव पूरी ताकत से लड़ेंगे। हालांकि हमने ये तय नहीं किया है कि कितनी सीटों पर हम उतरेंगे। मुझे विश्वास है कि एआईएमआईएम गुजरात के प्रमुख साबिर काबलीवाला इस संबंध में सही निर्णय लेंगे।

हैदराबाद के सांसद ने कहा वह पार्टी को मजबूत करने के इरादे से गुजरात आए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उम्मीदवार भी भुज से खड़ा होगा। इस बार गुजरात में दिलचस्प मुकाबले की उम्मीद की जा रही है।

